वर्षः 7- अंकः 199, मुंबई, गुरुवार, 5 अक्टूबर, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




## साईं मंदिर में 4 करोड़ का चंदा

(समाचार पृष्ठ 3 पर)

## गांधी टोपी नहीं अब बेसबॉल कैप पहनेगी मुंबई पुलिस

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

## डेमोक्रेसी में हिंसा की जगह नहीं, लेकिन केरल में सियासी हत्याएं हो रहीं: योगी

(समाचार पृष्ठ 8 पर)





# World टॉयलेट डे

## राम रहीम और हनीप्रीत को यूएन का न्योता

न्यूयॉर्क। रेप केस में 20 साल की सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड टॉयलेट डे पर होने वाले इवेंट को सपोर्ट करने के लिए न्योता दिया है। राम रहीम के साथ उसकी राजदार हनीप्रीत को भी यही इनविटेशन दिया गया है। हनीप्रीत को भी देशद्रोह और दूसरे कुछ मामलों में मंगलवार को ही गिरफ्तार किया गया था। ड्रिंकिंग वाटर और सैनिटेशन ड्राइव चलाने वाली यूएन बॉडी ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा- डियर, हनीप्रीत और गुरमीत राम रहीम, आप वर्ल्ड टॉयलेट डे को सपोर्ट करें और अपनी बात रखें। ये पहला मौका नहीं है जब यूएन बॉडी ने इन कॉन्ट्रोवर्शियल पर्सनैलिटी के बारे में बात की है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# 6 दिन की पुलिस रिमांड पर हनीप्रीत

## कोर्ट में रोते हुए बोली मैं निर्दोष हूं

**चंडीगढ़।** राम रहीम की करीबी हनीप्रीत इंसां को पंचकूला कोर्ट में पेश किया गया। हनीप्रीत के वकील प्रदीप आर्या ने कहा, पुलिस ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। हमने इसका विरोध किया। कोर्ट ने केवल 6 दिन की पुलिस रिमांड दी है। पुलिस ने रिमांड के लिए स्पेसिफिक कारण नहीं दिया था। डेरा के एक और वकील ने बताया, हनीप्रीत कोर्ट में हाथ जोड़कर खड़ी थी, उसकी आंखों में आंसू थे। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### पुलिस अफसर गाइड कर रहा था, जांच होगी

*हनीप्रीत दो-तीन दिन से मोहाली एरिया में ही थी। उसके पास तीन गाड़ियां थीं, जो उसके आगे-पीछे चलती थीं। तीन रात उसने चंडीगढ़ के आसपास ही खाना खाया, जिसे उसकी साथी सुखदीप कौर गाड़ी में लेकर आती थी। सुखदीप कौर भी डेरे की साध्वी है। हनीप्रीत पंजाब के एक नेता के टच में थी। उसके कहने पर ही वह यहां रुकी। दो दिन वह एक फ्लैट में रही। बाद में उसे एक कोठी में ठहराया गया। एक पुलिस अफसर उसे गाइड कर रहा था।*

# मोदी पर राहुल का हमला

## 'देश का वक्त बर्बाद करना बंद करें, लोगों को काम देना शुरू करें'



**अमेठी।** राहुल गांधी बुधवार को तीन दिन के अमेठी दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने चौपाल लगाई। इस मौके पर उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा-मोदी जी देश का समय बर्बाद करना बंद करें और रोजगार देना शुरू करें। 30 हजार लोग हर रोज रोजगार ढूंढने के लिए आते हैं, रोजगार सिर्फ 400 लोगों को मिलता है। मोदी जी ने 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया था। आज हालात क्या हैं? आप देख सकते है कितने लोगों को रोजगार मिला?

(शेष पृष्ठ 5 पर)

### दौरा टालने पर कांग्रेस ने उठाए थे सवाल

राहुल का दौरा टालने की इस गुजारिश पर कांग्रेस ने सवाल उठाए थे। पार्टी के स्पोक्सपर्सन और सीनियर लीडर अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा था, अमेठी और रायबरेली राहुल गांधी का घर है, वे वहां जरूर जाएंगे। बीजेपी इस वक्त बुरे दौर से गुजर रही है। इसलिए मोदी और योगी राहुल गांधी को यूपी नहीं आने देना चाह रहे हैं। सिंह ने आगे कहा, वे जानते हैं कि राहुल ईमानदार हैं और जनता की आवाज को जरूर उठाएंगे, इसलिए अमेठी जिला प्रशासन फोर्स की कमी का बहाना बना रहा है। बीजेपी नहीं चाहती है कि राहुल जनता की आवाज बनें। लेकिन उन्हें अपने घर आना है चाहे जिला प्रशासन अनुमति दे या ना दे।

# हर मोर्चे पर विफल रही मोदी सरकार : शरद पवार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने केंद्र सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने कहा कि इसके चलते लोगों में उसके खिलाफ काफी रोष है। उन्होंने किसानों को कर्जमाफी का लाभ शीघ्र न मिलने पर सरकार के खिलाफ आंदोलन के संकेत दिए। शरद पवार मंगलवार को मुंबई में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की लोकप्रियता जमीन छू रही है। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, कृषि क्षेत्र बदहाल है और वित्तीय क्षेत्र विफल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर विचार कर रही है। महाराष्ट्र में ये दोनों चुनाव कभी भी साथ हो सकते हैं। इसलिए कार्यकताओं को चुनावी तैयारियों में लग जाना चाहिए।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सीएम फडणवीस ने मुझे एनडीए में शामिल होने का न्योता दिया : नारायण राणे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रह चुके नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने उन्हें भाजपा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का न्योता दिया है। कांग्रेस से अलग होने के बाद राणे ने महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष नाम से एक पार्टी का गठन किया है। राणे ने करीब दो सप्ताह पहले कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। नारायण राणे ने कहा कि उन्होंने निर्णय लेने के लिए दो दिन की मोहलत मांगी है। वहीं



इस पर टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से मंगलवार शाम मुलाकात के दौरान मुझे राजग का हिस्सा बनने का न्योता दिया गया। मैंने प्रस्ताव पर विचार के लिए दो दिन का वक्त मांगा है।'

प्रभावशाली मराठा समुदाय के प्रमुख नेता राणे कोंकण क्षेत्र के सिंहदुर्ग जिले से हैं। वह 1999 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

## पश्चिम रेलवे का लगातार 25 वीं बार कौल गोल्ड कप जीतने का नया कीर्तिमान

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. गुप्ता, पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष राजकुमार लाल, पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ के महासचिव संदीपराजवंशी, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक राहुलजैन अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रतिष्ठित कौल गोल्ड कप के साथ दिखाई दे रहे हैं, जिसे पश्चिम रेलवे द्वारा लगातार 25 वीं बार जीता गया है। पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2016-17 हेतु लगातार 25 वीं बारप्रतिष्ठित कौल गोल्ड कप जीतकर एक नया कीर्तिमानबनाया है। पश्चिम रेलवे वर्ष 1993 से लगातार यह कप जीतरही है। यह कप भारतीय रेलवे में खेलकूद के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठप्रदर्शन करने वाली क्षेत्रीय रेलवे को रेलवे खेलकूद विकासबोर्ड द्वारा प्रति वर्ष प्रदान किया जाता है। पश्चिम रेलवे नेविभिन्न खेलों के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुएलगातार 25 वीं बार यह प्रतिष्ठित कप जीतकर खेलकूद केक्षेत्र में अपना वर्चस्व फिर से साबित किया है।

## राजधानी एक्सप्रेस का लुटेरा पकड़ा गया

**मुंबई।** हुलिया बदलकर प्रीमियम ट्रेनों में यात्रियों को लूटने वाले लुटेरे को लगभग एक महीने की मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। कुलबीर सिंह ने 16 अगस्त को मुंबई-दिल्ली अगस्त क्रांति राजधानी एक्सप्रेस में 5 लाख की चोरी की थी।

कुलबीर को अमृतसर से 1 अक्टूबर को पकड़ा गया था। जांचकर्ता उसकी पत्नी और उसके बीच की फोन-कॉल्स को मॉनिटर कर रहे थे। पुलिस को कुलबीर के ऊपर राजधानी में चार और चोरियां करने का शक है।

कुलबीर राजधानी में रिजर्वेशन कराने के बाद चढ़ता और पूरे डिब्बे की रेकी करता। कौन सा यात्री अपना सामान कहां रख रहा है और किसके पास कीमती सामान है, इस सब पर उसका ध्यान रहता था। यात्रियों के सो जाने के बाद वह लूट को अंजाम देता। इंस्पेक्टर खरब सिंह ने यह जानकारी दी। कुलबीर सिंह चोरी के लिए अपना हुलिया बदलता रहता था। कभी क्लीन-शेव, कभी फ्रेंच कट रहता, वह अपना मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बदलता रहता था। उसने दो महीने में 30 डिवाइस और सिम कार्ड इस्तेमाल कर फेंक दिए।

इसने सच में नाक में दम किया हुआ था.... रेल का स्टाफ इस बंदे के चक्कर में संदेह के घेरे में आ गया था। सोचो उस अटेंडेंट के घर पर उसके परिजनों की क्या स्तिथि हुई होगी

पुलिस ने 16 अगस्त की घटना में पहले एक ट्रेन अटेंडेंट को गिरफ्तार किया था। तब वडोदरा और रतलाम के बीच लगभग 20 यात्रियों का कैश और कीमती सामान चोरी



हो गया था। अटेंडेंट अभी जमानत पर बाहर है। कुलबीर पर पुलिस को शक तब हुआ जब खरब सिंह ने 9 और 16 अगस्त की राजधानी एक्सप्रेस की यात्री-सूची देखी। दोनों में सिंह का नाम था। जांच में पता चला कि वह दिल्ली के एक एजेंट से अपने टिकट बुक कराता था।

29 अगस्त को कुलबीर कोटा से दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से गया। उसका प्लान एक बार फिर लूट को अंजाम देने का था लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। उसे पता चला कि पुलिस को उसकी तलाश है इसलिए वह अंडरग्राउंड चला गया। पुलिस ने जब देखा कि वह अपने फोन नंबर बदलता रहता है तो उन्होंने उसकी पत्नी के फोन पर नजर रखना शुरू किया। उन्हें पता चला कि वह अमृतसर आया है। रतलाम जीआरपी ने 1 अक्टूबर को अमृतसर से उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# 500-1000 के करोड़ों रुपये अभी भी पुलिस की तिजोरी में

**मुंबई।** नोटबंदी को लागू हुए करीब 11 महीने हो गए हैं। केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ने हजार और पांच सौ के पुराने नोट जमा कराने की अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग तारीखें निर्धारित की थीं लेकिन मुंबई पुलिस की तिजोरी में अभी भी कई करोड़ रुपये के पुराने नोट जमा हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने एनबीटी से कहा कि रिजर्व बैंक ने जितने पुराने नोट ले भी लिए उसके बदले में उसने उतनी कीमत की अभी भी नई करंसी नहीं दी है। मुंबई में 93 पुलिस स्टेशन हैं। इसके अलावा क्राइम ब्रांच की भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा यूनिट्स हैं। इस अधिकारी के अनुसार नोटबंदी से पहले तक लगभग हर पुलिस स्टेशन में हजार व पांच सौ के पुराने नोट औसतन एक-एक करोड़ रुपये तो होंगे ही।

इस अधिकारी के अनुसार हमने उस दौर में पिछले 20 से 25 सालों



के अलग-अलग केसों की पूरी लिस्ट निकाली और फिर अलग-अलग केसों के लिए कोर्ट से आदेश निकलवाया कि इन सीलबंद नोटों की सील तोड़ने की इजाजत दी जाए ताकि इन पुरानों नोटों को भारतीय रिजर्व बैंक में जमा किया जा सके। इस अधिकारी के अनुसार सभी केसों के कोर्ट के आदेश अलग-अलग दिन मिल रहे थे। इसलिए उन्हें जैसे- जैसे आदेश मिलते गए वह इन नोटों को भारतीय रिजर्व बैंक में जमा करवाते गए। बाद में एकाएक रिजर्व बैंक की तरफ से पुलिस को बताया गया कि अभी जो पुराने नोट जमा नहीं हो पाए हैं उन्हें अपने-अपने पुलिस स्टेशनों में ही रखा जाए। टॉप लेवल पर इसको लेकर मीटिंग होनी है। उसके बाद इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। इस अधिकारी के अनुसार उसके बाद से पुराने नोट पुलिस स्टेशनों में ही जमा हैं।

## मनपा कर्मचारियों को 40 हजार रुपये बोनस देने की मांग

**मुंबई।** मनपा में कार्यरत कर्मचारी, अधिकारियों को दिवाली का बोनस दिया जाता है। यह बोनस इस वर्ष 40 हजार रुपये देने की मांग संघटन के समन्वय समिति ने की है। जिसके संदर्भ में मनपा आयुक्त , महापौर को पत्र दिए जाने की जानकारी समिति ने दी है। गौरतलब है कि मनपा में लगभग 1 लाख 10 हजार कर्मचारी सहित 30 हजार ठेका कर्मचारी कार्यरत है। पिछले वर्ष कर्मचारियों को लगभग 14 हजार रुपये बोनस दिया गया था। इसमें लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की मांग समिति ने की है। इसी के साथ कॉन्ट्रेक्ट पर कार्यरत कर्मचारियों को भी बोनस दिए जाने की मांग समिति द्वारा की गयी है। वहीं अन्य विविध मांगों के लिए गुरुवार 5 अक्टूबर को होनेवाले मोर्चे में बोनस की जोरदार मांग किये जाने का समिति के प्रकाश देवदास ने स्पष्ट किया है। इस वर्ष कर्मचारियों को कितना बोनस मिलेगा इस संदर्भ में प्रशासन द्वारा अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है किन्तु संघटन द्वारा इस वर्ष 20 प्रतिशत दिवाली बोनस या पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बोनस मिलने की मांग पर अड़े रहने की भूमिका स्पष्ट की गयी है।

## 100 के स्टांप पेपर पर नोटरी करके नाबालिग से की शादी

**मुंबई।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर नोटरी करके नाबालिग लड़की से निकाह, उसके साथ जबरन बलात्कार और मारपीट कर जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की की शिकायत पर पुलिस उपायुक्त मनोज पाटिल के आदेश पर शांतिनगर पुलिस ने उसके पति सहित नौ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आठ आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस इस मामले में बोगस दस्तावे तैयार करने एवं उसकी नोटरी करने वाले नोटरियन सहित निकाह पढ़ाने वाले बंगाली काजी सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर सकती है। सूत्रों के अनुसार फातिमा नगर की सना (16) (परिवर्तित नाम) नामक एक नाबालिग लड़की पड़ोस में ही सिलाई सीखने के लिए जाती थी। वहां उसकी मुलाकत फातिमा नगर के ही रहने वाले मो. मोनू शाह (22) से हो गई। मोनू ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर सैर कराने के बहाने उसे मुंबई ले गया और वहां ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। बलात्कार के बाद लड़की द्वारा हंगामे की आशंका को देखते हुए मोनू ने सना को शादी का झांसा दिया, तो लड़की ने बताया कि वह नाबालिग है इसलिए अभी उसकी शादी नहीं हो सकती। मोनू ने उसके साथ शादी करने के लिए सौ रुपये के स्टैंप पेपर पर नकली ड्राफ्ट तैयार करके भिवंडी कोर्ट में नोटरी करवा ली। बोगस दस्तावेज में 16 साल की लड़की को 22 साल दर्ज कराकर चौहान कॉलोनी के एक बंगाली काजी से निकाह पढ़वा लिया, जबकि काजी ने निकाहनामे में लड़की की आयु 19 साल दर्ज की। बोगस नोटरी वाले दस्तावेज और काजी के निकाहनामे में लड़की की आयु में तीन साल का अंतर है, जबकि लड़की के जन्म प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड में लड़की की आयु महज 16 साल है। पीड़ित लड़की के अनुसार उसके लाख कहने के बाद भी उसका पति और काजी सहित अन्य लोग मानने को तैयार नहीं थे कि उसकी शादी जबरन की गई। इसके बाद वह अपने ससुराल चली गई और वहीं रहने लगी। एक दिन उसके पति का बड़ा भाई असलम शाह ने उसके घर आया और उसके साथ बलात्कार किया। घर में वह चिल्लाती रही, लेकिन परिवार के किसी सदस्य ने उसकी आवाज नहीं सुनी। इसके बाद उसने पूरी बात अपने पति सहित ससुराल के लोगों को बताई। पति और ससुराल वालों ने उससे कहा कि इसी तरह रहना होगा, अगर मंजूर है तो रहो नहीं तो अपने घर चली जाओ। इसका विरोध करने के कारण उसके पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर मिट्टी का तेल डाल कर उसे जला दिया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस, मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975** कार्यकारी संपादक - सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र : विदर्भ में आज से 14 अक्टूबर के बीच भारी बारिश के आसार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के विदर्भ, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में 5 से 14 अक्टूबर के बीच अतिवृष्टि हो सकती है। इसके मद्देनजर सरकार ने किसानों से खेतों में काटी हुई फसलों को सुरक्षित जगह पर रखने की अपील की है। मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री पांडुरंग फुंडकर ने बताया कि मौसम विभाग ने राज्य के सभी अंचलों में अतिवृष्टि होने का अनुमान व्यक्त किया है। इसलिए किसानों को काटी हुई फसलों को उचित स्थान पर रख लेना चाहिए। जो फसलें



काटने योग्य हैं उन्हें जल्द से जल्द काट लिया जाए। फुंडकर ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की खरीफ की फसलों को नुकसान हो सकता है। इसलिए किसानों को सावधानी बरतनी चाहिए। ग्रामीण इलाकों में लोग खुद और जानवरों को सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए। लोगों को खुले मैदान, पेड़ के नीचे, बिजली की लाइन और ट्रांसफार्मर के पास जाने से बचना चाहिए। कृषि मंत्री ने बताया कि मुंबई और कोंकण के किनारे भी भारी बारिश का अनुमान है।

# कीटनाशक से हुई 18 किसानों की मौत का मामला



मुंबई। यवतमाल में कपास व सोयाबीन की फसल में कीटनाशक के छिड़काव के दौरान 18 मजदूरों की मौत लापरवाही के कारण हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने यह लापरवाही बरती है। राज्य के कृषिमंत्री पांडुरंग फुंडकर ने मंगलवार को यह बात स्वाकीर की। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि सरकार ने मामले की जांच कराने का फैसला किया है।

इसके लिए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। सरकार मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा भी देगी। बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सातबारा पर जिन किसानों के परिवार वालों के नाम हैं, उन्हें गोपीनाथ मुंडे किसान हादसा बीमा संरक्षण का लाभ तत्काल दिया जाएगा। जिनको बीमा लाभ नहीं मिलेगा, उनको मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दी जाएगी। सभी कीटनाशक कंपनियों को कीटनाशक बेचते समय सुरक्षा किट देना अनिवार्य किया जाएगा। कृषिमंत्री फुंडकर के मुताबिक मजदूर चीन निर्मित स्प्रे पंप का इस्तेमाल कर रहे थे। मजदूरों ने मास्क नहीं लगाया था। उनके पास हैंडग्लब्ज भी नहीं थे। इतनी बड़ी घटना हुई, लेकिन डीएम को पता तक नहीं चला। पुलिस में किसी ने शिकायत भी दर्ज नहीं कराई। घटना के बाद पीड़ित जब जिला अस्पताल गए तो उन्हें टेस्ट के बाद बाहर से दवाइयां लाने को कहा गया। यवतमाल में जिला अस्पताल होने के बावजूद मजूदरों को नागपुर अस्पताल में रेफर किया गया। यह गंभीर मामला है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राधाकृष्ण विखेपाटील ने मजदूरों की मौत मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। कहा कि संबंधित कीटनाशक कंपनी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## चीनी स्प्रे पंप पर लगेगी रोक

*कृषिमंत्री ने कहा कि कृषि केंद्रों के माध्यम कीटनाशक छिड़काव के बारे में यदि गलत मार्गदर्शन किया गया होगा तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चीन निर्मित स्प्रे पंप के इस्तेमाल पर रोक लगाने के बारे में शीघ्र ही फैसला लिया जाएगा। सरकार ने जाति वैधता प्रमाणपत्र हासिल करने की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। अब पिता अथवा रक्तसंबंधियों के जाति वैधता प्रमाणपत्र के आधार पर बच्चों को भी जाति वैधता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने यह फैसला लिया। सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार बडोले ने बताया कि अभी पिता का जाति वैधता प्रमाणपत्र होने के बावजूद बच्चों को जाति वैधता प्रमाणपत्र के लिए समिति के समक्ष फिर से सभी कागजात पेश करने पड़ते थे। इससे आवेदकों को परेशानी होती थी, जो अब खत्म हो गई है। अब पिता अथवा रक्तसंबंधियों में से किसी के पास पहले जाति वैधता प्रमाणपत्र होने पर उस परिवार के बच्चों को उसी आधार पर जाति वैधता प्रमाणपत्र दिया जाएगा। जिला जाति प्रमाणपत्र समिति के समक्ष पिता के जाति प्रमाणपत्र और जाति वैधता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने पर जिला समिति आवेदन को वेबसाइट व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर जारी करेगी। इसके 15 दिनों बाद प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए पिता अथवा रक्तसंबंधियों के प्रमाणपत्र के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज नहीं लगेगा।*

## रेल हादसे को लेकर उपसमिति

*राज्य मंत्रिमंडल ने एल्फिंस्टन रेल स्टेशन फुटओवर ब्रिज पर हुई भगदड़ की घटना के बाद मंत्रिमंडल की उपसमिति के गठन का फैसला किया है। यह उपसमिति रेलवे के साथ समन्वय व भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचने के उपायों पर विचार करेगी। उपसमिति रेलवे स्टेशन, फुटओवर ब्रिज व अन्य जगहों के सुरक्षा की समीक्षा भी करेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले एमएसआरडीसी मंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के मंत्रियों ने सीएम फडणवीस से रेल यात्रियों की सुरक्षा की मांग को लेकर मुलाकात की। शिवसेना के मंत्री रामदास कदम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि स्टेशनों पर किसी भी हालत में फेरीवालों को बैठने नहीं दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने फुटओवर ब्रिज के मरम्मत की मांग को स्वीकार किया है।*

## वसूली मामले में दाऊद वॉन्टेड घोषित

**मुंबई।** भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके भाई अनीस इब्राहिम को प्रतिष्ठित बिल्डर से तीन करोड़ रुपये की वसूली मांगने के मामले में वांछित आरोपी बनाया गया है। यह जानकारी ठाणे पुलिस ने दी। दाऊद के भाई इकबाल कासकर पर पहले से ही मामला दर्ज है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने बिल्डर की शिकायत पर वसूली के अपराध में कासकर और दाऊद गिरोह के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

परेल-एल्फिंस्टन पुल दुर्घटना

# पश्चिम रेलवे द्वारा पीड़ितों को एक्सग्रेशिया राशि वितरित

**मुंबई।** आमतौर पर देखा जाता रहा है कि किसी आपदा के शिकार लोग या उनके परिजन सरकार से मुआवजा पाने के लिए यहां से वहां चक्कर काटते हैं, मगर एलफिन्स्टन रोड में मची भगदड़ के दौरान पहचाने गए यात्रियों को कुछ ही घंटों के भीतर एक्सग्रेशिया राशि का वितरण पश्चिम रेलवे द्वारा सुनिश्चित किया गया है। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों को चोटें आई हैं, उन्हें और मृतकों के परिजनों को अब तक 1 करोड़ 29 लाख 15 हजार रु. की एक्सग्रेशिया राशि का वितरण किया जा चुका है।

इस घटना में जिन 23 यात्रियों की जान गई है, उनमें से 22 यात्रियों के परिवारों को और 34 घायल यात्रियों को पश्चिम रेलवे की ओर एक्सग्रेशिया की राशि दी जा चुकी है। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, हमने अपने कर्मचारियों को सातारा और इलाहाबाद जैसी जगहों पर चेक देने के लिए भेजा है, ऐसी स्थिति में हम उन तक इस तरह से मदद पहुंचा रहे हैं। रविवार को पश्चिम रेलवे के कर्मचारी पूना के निकट रहने वाली सुश्री प्रियंका बालू पसालकर के गांव भेजे गए और उनके पिता को चेक दिया गया।

श्री पसालकर ने कहा कि, हमारी बेटी की क्षतिपूर्ति किसी मुआवजे से नहीं हो सकती, लेकिन हम रेलवे के आभारी हैं कि उन्होंने हमारी समस्या को समझा और हमारे गांव तक आए। सुश्री निधि चन्द्रशेखर शेट्टी की माताजी की जान इस भगदड़ में चली गई, उनका कहना है कि पश्चिम रेलवे के कर्मचारी शनिवार को हमारे घर आकर चेक दे गए।

पश्चिम रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक, श्री मुकुल जैन ने बताया कि, हमारा प्रयास रहा कि हम हर घायल यात्रियों को और मृतकों के परिवारों को उसी दिन एक्सग्रेशिया राशि दे दें। रिकॉर्ड से पुष्टि होने के बाद हमने अगले दिन ही बाकी यात्रियों को उनके घर पर चेक भिजवा दिए।

# सांई मंदिर में 4 करोड़ का चंदा



**शिरडी।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मौजूदगी में शुरू हुए सांई समाधि शताब्दी समारोह के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु शिरडी में आए थे। केवल चार ही दिन में 3 लाख 25 हजार सांईभक्तों ने अब तक का सबसे ज्यादा चंदा दिया है। 29 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच कुल मिलाकर 4 करोड़ 71 लाख रुपयों का चंदा सांई चरणों में अर्पण किया गया। पिछले वर्ष इसी समारोह के दौरान 3 करोड़ 72 लाख 84 हजार का चंदा प्राप्त हुआ था, ऐसा संस्थान की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रूबल अग्रवाल ने बताया। अलग-अलग तरीके से संस्थान को चंदा मिला है। दक्षिणा पेटी में 2 करोड़ 52 लाख 61 हजार, चंदा काउंटर पर 1 करोड़ 10 लाख 49 हजार, डेबिट, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 35 लाख 38 हजार, ऑनलाइन में माध्यम से 25 लाख 76 हजार 200 रुपए, डीडी और चेक के जरिए 29 लाख 39 हजार रुपए चंदे में दिए गए। तो 12 लाख रुपयों का 486 ग्राम सोना और 2 लाख 80 हजार रुपयों की 9352 ग्राम चांदी चंदे में दी गई। 3 लाख 36 हजार 400 रुपयों का विदेशी चलन दिया गया। अमेरिका, इंग्लंड, सिंगापुर, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, सौदी अरेबिया, श्रीलंका, नेपाल, चीन, ओमान, कुवैत, थायलैंड, हांगकांग, कतर इन देशों का चलन सांई के चरणों में अर्पण किया गया। आज के बाजारभाव के अनुसार, शिरडी संस्थान की प्रॉपर्टी देखें तो, 102 करोड़ का 380 किलो सोना, 15 करोड़ की 4500 ग्राम चांदी और विभिन्न बैंकों में 1 हजार 950 करोड़ का फिक्स्ड डिपॉजिट किया गया है।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

**आवश्यक है**

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे) **(9619102478)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कहां चूक रहे हैं हम

**कश्मीर** में श्रीनगर हवाईअड्डे के समीप गहन सुरक्षा वाले इलाके में सीमा सुरक्षा बल के शिविर पर हमला करने आए आतंकियों को मार गिराने में सफलता तो मिली, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस हमले में बीएसएफ के एक सहायक सब इंस्पेक्टर को शहादत का सामना करना पड़ा। इस आतंकी हमले में कई जवान घायल भी हुए। यह अच्छी बात है कि पिछले कुछ समय से सीमा पर और सीमा के अंदर आतंकियों को मार गिराने और उनके मंसूबों को नाकाम करने में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है, लेकिन इस क्रम में पुलिस, सुरक्षा बलों और सेना को रह-रहकर क्षति भी उठानी पड़ रही है। चूंकि जम्मू-कश्मीर में हमारे सुरक्षा बल पाकिस्तान की ओर से थोपे गए एक ऐसे छद्म युद्ध का सामना कर रहे हैं जिसमें आतंकियों के हमले का अंदेशा बना ही रहता है इसलिए जवानों के समक्ष हर क्षण एक जोखिम तो है ही। बावजूद इसके यह ठीक नहीं कि सुरक्षा व्यवस्था को वास्तव में अभेद्य बनाने और सतर्कता का स्तर बढ़ाने की जरूरत बार-बार रेखांकित हो रही है। कम से कम ऐसे कोई उपाय तो किए ही जाने चाहिए ताकि आतंकी पहले आजमाए तौर-तरीकों से हमला करने में कामयाब न होने पाएं। सीमा पार से आए आतंकी जिस तरह सुबह चार बजे के करीब बीएसएफ शिविर की बाहरी दीवार के पास के तार काटकर अंदर दाखिल हो गए उसी तरह वे पहले भी कई बार सुरक्षा बलों अथवा सेना के ठिकानों पर घुसने में सफल हुए हैं। कई बार यह भी सामने आया है कि आतंकी भोर के अंधेरे में ही हमले को अंजाम देते हैं। आतंकी कई बार सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने में इसलिए भी सफल हुए, क्योंकि वे सेना और सुरक्षा बलों सरीखी वर्दी पहने थे। चूंकि वे सुरक्षा के पहले घेरे को आसानी से पार कर जाते हैं इसलिए उन्हें बिना किसी बड़ी क्षति के मार गिराना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। गत दिवस बीएसएफ शिविर में हमला करने आए आतंकियों में से एक प्रशासनिक भवन के करीब पहुंच गया और दूसरा मेस तक। इसी कारण सेना के कमांडो की मदद लेनी पड़ी और मुठभेड़ कहीं अधिक लंबी खिंची। निःसंदेह अपने पाले-पोसे आतंकियों के खात्मे के सिलसिले से पाकिस्तान बौखलाया है और उसकी यह बौखलाहट ही आतंकी हमलों की निरंतरता का कारण बन रही है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सुरक्षा उपायों को और अधिक उन्नत और सघन बनाने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता न दी जाए। हालांकि बार-बार यह दावा किया जाता है कि सुरक्षा के हर संभव उपाय किए जा रहे हैं और कहीं कोर कसर नहीं उठा रखी जा रही है, लेकिन हर आतंकी हमला किसी न किसी खामी को बयान कर जाता है। जब संसाधनों की कहीं कोई कमी नहीं तब फिर चौकसी के स्तर को बढ़ाने में जरूरी तकनीक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है? आखिर सघन सुरक्षा के उन आधुनिक तौर-तरीकों को अमल में लाने में क्या कठिनाई है जिनसे किसी खास इलाके में अपरिचित-अनजान व्यक्ति को प्रवेश करने से रोका जा सकता है या उसकी मौजूदगी को भांपा जा सकता है।

# जेलों में सुधार की बड़ी चुनौती

**सुप्रीम** कोर्ट के जस्टिस मदन लोकूर और दीपक गुप्ता के फैसले के बाद खुली जेल फिर से चर्चा में आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अब समय आ गया है कि सभी राज्य खुली जेलों के सिद्धांत का गंभीरता से अध्ययन करें और उसे अमल में लाएं। इस समय भारत में कुल 54 खुली जेलें हैं। दरअसल खुली जेल एक ऐसी जेल होती है जिसमें जेल के सुरक्षा नियमों को काफी लचीला रखा जाता है। ऐसी जेल बड़ी जेल का ही एक बाहरी हिस्सा होती है जो सलाखों से काफी हद तक आजाद होती है। ऐसी जेलों में रहने वाले बंदी दिन के समय बाहर कहीं भी जा सकते हैं, लेकिन उन्हें एक निश्चित समय के बाद शाम को उसी जगह पर लौटना होता है। ऐसी जगह में बंदी के भाग जाने के डर को ध्यान में रखते हुए किसी तरह की सुरक्षा का दबाव नहीं रखा जाता। इन जेलों में बंदियों को आत्मानुशासन और खुद अपनी जीविका अर्जित करने पर जोर दिया जाता है। एक बड़ी बात यह भी है कि इन बंदियों से बाहर के लोग आकर मिल सकते हैं। ऐसे में ये बंदी भी धीरे-धीरे अपने आप को समाज में लौटने के लिए तैयारी का अवसर पा लेते हैं। इस तरह की खुली जेल का मकसद जेलों में बढ़ती भीड़ पर काबू पाना, बंदियों को उनके अच्छे व्यवहार के लिए एक मौका देना और उन्हें समाज में लौटने के लिए फिर से तैयार करना होता है।

दुनिया में पहली खुली जेल स्विट्जरलैंड में 1891 में बनी थी। भारत में पहली खुली जेल 1905 में बंबई में बनी। मौजूदा समय में खुली जेलों में 100 से 1000 तक बंदी रखे जाते हैं, लेकिन डकैती और फजीर्वाड़े जैसे अपराधों में लिप्त रहे बंदियों और महिला कैदियों का इस जेल के लिए चुनाव नहीं किया जाता। 2010 में पुणे में देश की पहली महिला खुली जेल को शुरू किया गया। जेल सुधार और खुली जेल के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 11 सूत्रीय निर्देश दिए हैं, जिसमें स्वतंत्रता के अधिकार, जेलों के अंदर मानवीय व्यवहार, जेलों में अस्वाभाविक मृत्यु वाले बंदियों के परिवारों को मुआवजा देने और अकेलेपन और कैद से निपटने के लिए काउंसलिंग पर विचार करने को कहा गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने परिवारों से मुलाकात और फोन के जरिये संपर्क को भी बढ़ाने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही कैदियों के अकेलेपन को कम करने और मानसिक स्थिरता में सुधार के लिए समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के जरिये बाहरी दुनिया से जोड़ने की जरूरत जताई है। जेल सुधार को लेकर सभी राज्यों को तुरंत कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया है। कोर्ट ने कैदियों के साथ व्यवहार के न्यूनतम स्तर के बारे में संयुक्त राष्ट्र की ओर से अपनाए गए मंडेला नियमों का भी जिक्र किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि परिवार और मित्रों से कटे हुए कैदियों के जेल से बाहर रहने वाले लोगों की तुलना में आत्महत्या करने के 50 प्रतिशत अधिक अवसर होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में अफसरों के लिए ट्रेनिंग और बंदियों के लिए उनके अधिकारों पर कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया है। इसके अलावा महिला और बाल विकास मंत्रालय से भी कहा गया है कि वह जेलों में बच्चों और महिलाओं की देखभाल को लेकर अपने काम को आगे बढ़ाए। यहां यह जानना जरूरी है कि देश भर में करीब 1800 बच्चे माता या पिता के साथ जेल में रहते हैं। उन्हेंसिर्फ छह साल तक ही उनके साथ जेलों में रहने की इजाजत होती है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक भारत में पिछले 15 सालों में जेलों में बंद महिलाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक दशक में 477 महिला बंदियों की मौत




जेल के अंदर हुई है। बेशक सुप्रीम कोर्ट के जेल सुधार संबंधी निर्देश उल्लेखनीय हैं, लेकिन उन्हें लागू करना आसान नहीं। पूरे देश में इस समय 1382 जेलें हैं जिनमें से महिलाओं के लिए सिर्फ 18 ही हैं। जेलें सामाजिक और प्रशासनिक, दोनों ही स्तरों से अनदेखी का शिकार हैं। जस्टिस मुल्ला और जस्टिस कृष्णन अय्यर की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशें आज भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई हैं। जेलों में करीब 80 प्रतिशत बंदी विचाराधीन हैं और न्यायिक प्रक्रिया अक्सर बहुत लंबा समय लेती है। इससे जेलों में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है। जेलों में तय संख्या से कम से कम 18 प्रतिशत ज्यादा बंदियों का मौजूद होना चौंकाता है। प्रशासनिक स्तर पर जेलें राज्यों के अधीन आती हैं, लेकिन आइपीएस अधिकारी अक्सर जेलों में नियुक्त होना पसंद नहीं करते और खुद जेल मंत्री भी जेलों को लेकर अ-गंभीर बने रहते हैं। भारत में जेलों को सुधारगृह कहा जाता है, लेकिन ऐसा कहने भर से काम पूरा नहीं होता। जेलें अपराधियों के लिए बड़े अपराधी बनने के वर्कशॉप की तरह देखी जाती हैं। महाराष्ट्र की जेलों में पांच साल गुजारने वाले अभिनेता संजय दत्त ऐसा ही मानते हैं।

विचाराधीन और सजायाफ्ता या फिर एक बार अपराध करके आए और बार-बार अपराध करने वाले बंदियों को अलग-अलग रखने का प्रावधान न होने से जेलें बाहर की दुनिया के लिए खतरे का कारक बनाती हैं। बाहर की दुनिया बंदियों के फैशन शो को देख कर कुछ देर के लिए तालियां भले ही बजा ले, लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं होता। जेलों को नए सिरे से बदलने की जरूरत है, जिसके लिए प्रशासनिक और न्यायिक स्तर पर कोशिशों के अलावा साहित्य और कला का भी अपना योगदान हो सकता है। जब तक हर स्तर पर संवाद शुरू नहीं होगा तब तक हालात बदल नहीं सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश पर सभी राज्यों से दिसंबर तक रिपोर्ट मांगी है, लेकिन इन निदेर्शों को लागू करने की नीयत भी बने, इसके लिए कोई नियम नहीं बनाया जा सकता। जेलें एक टापू की तरह संचालित होती हैं और सन्नाटे में पलती हैं। जेल से बाहर आने पर अपराधी फिर से अपराध की दुनिया में न लौटे, इसे सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार संस्थाओं को संकल्प लेना होगा। निःसंदेह सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक रास्ते को खोला है, लेकिन इस रास्ते में चट्टानों की कोई कमी नहीं।

# महिलाओं के लिए प्रेरणा

**बुर्का** और हिजाब में छात्राओं का क्रिकेट खेलना दशार्ता है कि कश्मीर की फिजा बदल रही है, लेकिन अब भी यहां पर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किए जाने की जरूरत है। जमायत-ए-इस्लामी के गढ़ बारामुला की रहने वाली छात्राओं का क्रिकेट के प्रति जुनून सराहनीय है। बुर्का और हिजाब में जिस तरह से ये छात्राएं क्रिकेट खेलती हैं, वह यह दशार्ने के लिए काफी है कि कश्मीर के हालात बदल रहे हैं।

कश्मीर में हमेशा अलगाववादी जबरदस्ती छात्राओं की प्रतिभा को दबाने का प्रयास करते हैं, मगर बेटियों को जब भी कहीं मौका मिलता है, वे अपने हुनर को दिखाने से भयभीत नहीं होतीं। यह सही है कि अब भी कश्मीर की छात्राएं ट्रैक सूट में नजर नहीं आती और हिजाब पहनकर ही खेलती हैं मगर यह कश्मीर के उन सभी लोगों के लिए संदेश है जो युवतियों को खेल मैदान में आने से रोकते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कश्मीर में संगीत हो या फिर खेल, कई बार छात्राओं को अलगाववादियों के विरोध के कारण परिस्थितियों से समझौता कर अपनी प्रतिभा को दबाना पड़ा है और गुमनामी की जिंदगी व्यतीत करनी पड़ी है। यह भी सच है कि इसी सोच के कारण कश्मीर में महिलाएं जम्मू की अपेक्षा पिछड़ी रहीं हैं। कुछ वर्ष पूर्व हुए एक सर्वेक्षण में कश्मीर में महिलाओं की साक्षरता दर 50 प्रतिशत से भी कम दर्ज की गई थी।


विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों में तो मात्र 30 से 40 प्रतिशत के बीच ही महिलाएं साक्षर थीं। यह आंकड़े दशार्ते हैं कि धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में अभी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों में क्रिकेट में कुछ युवतियों का आगे आना अन्यों के लिए प्रेरणा से कम नहीं। राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस महिला क्रिकेट खिलाडियों को पर्याप्त अवसर दे और कोचिंग मुहैया करवाए, ताकि पूरे देश के लिए यह माडल बन सकें।

कश्मीर के बुद्धिजीवी वर्ग को भी चाहिए कि वे महिला खिलाडियों और कलाकारों को प्रोत्साहित करें। जम्मू-कश्मीर खेलों में अभी बहुत आगे नहीं है और देश के कई राज्यों की तुलना में पिछड़ा हुआ है। इसका एक कारण कई प्रतिभाओं का घरों में ही दबाव के कारण दम तोड़ देना भी है। अगर अभिभावक स्वयं अपनी बेटियों का सहयोग करें और उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढने दें तो वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर की बेटियां खेलों में विश्वभर में अग्रणी होंगी।

# सारंगखेड़ा में बन रहा देश का पहला हॉर्स म्यूजियम

## गुंबद के आकार का होगा

**मुंबई।** नंदुरबार जिले के सारंगखेड़ा में देश का पहला हॉर्स म्यूजियम (घोड़ा संग्रहालय) बनाया जाएगा। इसका प्रारूप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि म्यूजियम का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण के तहत फिलहाल टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके पूर्ण होते ही म्यूजियम के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। हॉर्स म्यूजियम तापी नदी के किनारे कुल 6.5 एकड़ में बनेगा, जो गुंबद के आकार का होगा। यहां पर देशभर में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के घोड़ों की प्रतिकृति लगाई जाएगी। साथ ही घोड़ों के इतिहास और देश की



ऐतिहासिक धरोहर को दशार्या जाएगा। म्यूजियम में आर्ट गैलरी, प्रदर्शनी स्थल, ऑडियो-विजुअल रूम, रिसेप्शन डेस्क, भोजन स्टाल, प्रतीक्षा घर, दुकानें बनाई जाएंगी। पिछले साल सारंगखेड़ा हॉर्स फेस्टिवल में सीएम फडणवीस ने म्यूजियम बनाने का ऐलान किया था। सरकार ने म्यूजियम के लिए 4.98 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसमें से 1.25 करोड़ अवमुक्त कर दिए गए हैं। निर्माण के दूसरे चरण में करीब 5 करोड़ के विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इसके तहत म्यूजियम का मुख्य गेट, परिसर सौंदर्यीकरण, गार्डन, तापी नदी के किनारे को आकर्षित बनाया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि म्यूजियम का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसको सारंगखेड़ा ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। ग्राम पंचायत पर म्यूजियम की देखभाल की जिम्मेदारी होगी। पर्यटकों के लिए शुल्क का फैसला ग्राम पंचायत ही करेगी। यह म्यूजियम सारंगखेड़ा के घोड़ा मेले को अलग पहचान देगा। दिसंबर में दत्त जयंती से हर साल यहां मेले की शुरूआत होती है।

**वार्षिक मेले में करोड़ों का होता है कारोबार:** हर साल दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में देशभर के बड़े घोड़ा व्यापारी मेले में आते हैं। मेले में करीब एक हजार घोड़े नांदेड़, अहमदनगर, सातारा के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आते हैं। हर साल मेले में करोड़ों का करोबार होता है। शाहदा कृषि बाजारा उत्पन्न समिति के माध्यम से घोड़ों को खरीदा व बेचा जाता है। वर्ष 1964 में घोड़ा मेले की शुरूआत हुई थी।

# रेव पार्टी पर छापा



**नासिक।** शहर से सटे इगतपुरी में मुंबई हाईवे पर बने एक होटल में बुधवार तड़के सामाजिक सुरक्षा टीम ने छापा मारकर रेव पार्टी का भंडाफोड़ किया है। जिस दौरान पुलिस ने छापा डाला नशे में 9 से 10 फार्मा कंपनी के डीलर्स बार बालों के साथ अर्धनग्न हालत में अश्लील हरकत कर रहे थे। इस मामले में इगतपुरी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर 15 लोगों को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक नासिक-मुंबई हाईवे पर बने रेन फारेस्ट होटल पर बुधवार तड़के तीन-चार बजे यह रेड हुई है। पहले सादी वर्दी में कुछ पुलिसवाले होटल में दाखिल हुए और रेव पार्टी की पुष्टि होने के बाद टीम ने यहां छापा डाला। छापे के दौरान 9-10 युवक (फार्मा कंपनी के डीलर्स) नशे में बार-बालाओं के साथ अश्लील हरकत कर रहे थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ उनके कपड़े उतारने की कोशिश भी कर रहे थे। पुलिस को देख सभी होटल से भागने लगे। लेकिन नशे में धुत होने के कारण उन्हें पकड़ लिया गया। होटल से 7 लड़कियों को भी पकड़ा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस पार्टी की सूचना पड़ोसियों की ओर से पुलिस को दी गई थी। देर रात तक होटल में तेज म्यूजिक से पड़ोसी डिस्टर्ब हो रहे थे।

### पुणे के एक कंपनी ने आयोजित की थी पार्टी

जांच में सामने आया है कि सभी पुणे की एक फार्मा कंपनी के डीलर्स हैं और कंपनी की ओर से उन्हें खुश करने के लिए इस पार्टी का आयोजन किया गया था। मुंबई से बार बालाओं को लाखों रुपए देकर इगतपुरी के इस होटल में बुलाया गया था। कंपनी के मालिक और होटल के मैनेजर के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। होटल के अंदर से पुलिस को भारी मात्रा में शराब की बोतलें, सिगरेट के पैकेट और कंडोम बरामद हुआ है। यह पहला मामला नहीं है जब इगतपुरी में इस तरह की रेव पार्टी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कई बार युवकों को रेव पार्टी करते हुए पकड़ा है।

# गांधी टोपी नहीं अब बेसबॉल कैप पहनेगी मुंबई पुलिस

**मुंबई।** यहां की मुंबई पुलिस अब नए लुक में दिखेगी। अब वे नीले रंग की गांधी टोपी की जगह बेसबॉल स्टाइल कैप पहनेंगे। मंगलवार को मुंबई पुलिस को ये नई कैप दी गई। नियम के मुताबिक, नई कैप को केवल वर्दी के साथ ही पहना जा सकेगा। मुंबई पुलिस कड़ी धूप और बारिश में अपनी ड्यूटी करती है। इस वजह से कई बार टोपी में उन्हें परेशानी होती थी। अपराधियों के पीछे भागते हुए या भीड़ को काबू करने के दौरान अक्सर उन्हें अपनी टोपी को भी एक हाथ से संभालने की मशक्कत करनी पड़ती थी। काम के दौरान टोपी संभालने को लेकर कई बार शिकायत भी सामने आई, जिसके बाद एक टीम ने इसे लेकर रिसर्च किया। इस रिसर्च में सामने आया कि मुंबई पुलिस को अपनी टोपी को बदलने की जरूरत है। इसी के आधार पर डिपार्टमेंट ने इसे बदलने का फैसला लिया।

**क्या खास है इस कैप में?**

बेसबॉल स्टाइल कैप को बनाने के लिए ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च डेवलपमेंट से मदद ली गई है। इसका रंग नीला रखा गया है। इसके एक तरफ पर अंग्रेजी और दूसरी तरफ पर मराठी में मुंबई पुलिस लिखा गया है। वहीं, सामने मुंबई पुलिस का यलो



लोगो लगाया गया है। कैप के अगले हिस्से में ब्लू और यलो रंग की पट्टी भी है। इस कैप को पहनकर पुलिसकर्मी बारिश-धूप में भी अच्छी तरह से डयूटी कर सकेंगे। उन्हें कैप संभालने की मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी।

**लागू करने से पहले किया गया ट्रायल**

ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च डेवलपमेंट ने इस टोपी को बनाने के पहले कई डिजाइन तैयार किए थे। हर डिजाइन की टोपी के साथ कई दिनों तक एक हवलदार को सड़क पर ड्यूटी कराई गई, ताकि ये पता चल सके की किस डिजाइन के साथ मुंबई पुलिस के जवान पहचान में आएंगे, साथ ही उन्हें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा। जब मुंबई पुलिस ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (अहमदाबाद) से संपर्क किया गया, तो सैम्पल के तौर पर पुलिस को अलग-अलग डिजाइन की नौ कैप बनाकर दी गई। इसमें से बेसबॉल कैप को चुना गया। कैप को अप्रूव्ड करने के बाद उसे सबसे पहले लोकल आर्म्स यूनिट को दिया गया, ताकि पता चल सके कि ये टोपी मुंबई पुलिस पर जंचेगी या नहीं।

**सिर्फ 72 रुपए है कीमत**

एक महीने पहले ही इस टोपी को नायगांव और पुलिस हेडक्वार्टर की कैंटीन में मुहैया करा दिया गया था। कैप की कीमत 72 रुपए रखी गयी है और इसे वर्दी के साथ ही पहन सकते हैं। अगर कोई भी पुलिसकर्मी पूरी वर्दी में नहीं है और इस कैप पहनकर घूम रहा है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**राम रहीम और हनीप्रीत को यूएन का न्योता**

इससे पहले मंगलवार को भी एक ट्वीट कर गुरमीत राम रहीम से वर्ल्ड टॉयलेट डे पर सपोर्ट मांगा गया था। भारत में इस वक्त की दो सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल पर्सनैलिटीज को यूएन द्वारा इस तरह न्योता देने के फैसले को लेकर हैरानी जताई जा रही है। सवाल है कि क्या यूएन राम रहीम और हनीप्रीत की मौजूदा स्थिति से वाकिफ नहीं है। क्या उसने न्योता देने के पहले इन दोनों के खिलाफ दर्ज मामलों पर गौर नहीं किया। बता दें यूनाइटेड नेशन जनरल एसेंबली ने 2013 में 19 नवंबर को ऑफिशियली वर्ल्ड टॉयलेट डे घोषित कर रखा है। राम रहीम को दो साध्वियों से रेप के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। वो फिलहाल, रोहतक जेल में बंद है। राम रहीम को सजा सुनाए जाने के बाद पंचकूला और बाकी कुछ जगह जबरदस्त हिंसा हुई थी। इस मामले में हनीप्रीत पर आरोप लगे थे। हनीप्रीत 39 दिन बाद मंगलवार को ही पटियाला जीरकपुर हाईवे से गिरफ्तार की गई थी। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। हनीप्रीत पर देशद्रोह और हिंसा भड़काने के आरोप हैं।

**6 दिन की पुलिस रिमांड पर हनीप्रीत**

हनीप्रीत ने कहा-मैं निर्दोष हूं और डेरा की सच्ची फॉलोअर हूं। मैंने हमेशा ही इंसानियत से जुड़े काम किए हैं। बता दें कि हनीप्रीत पर 25 अगस्त को पंचकूला में हुई हिंसा की साजिश रचने का आरोप है। डेरा के एक और वकील एपी सिंह ने कहा, हनीप्रीत कोर्ट रूम में रोते हुए बोल रही थी कि एक तरफ वुमन एम्पॉवरमेंट की बात की जाती है और दूसरी ओर बेगुनाह औरत को 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा जा रहा है। उसे डेरा चीफ राम रहीम ने गोद लिया था, वो उनकी सच्ची बेटी है। 25 अगस्त के बाद जो घटनाएं हुई हैं, उनमें हनीप्रीत का कोई हाथ नहीं है। उसे जानबूझकर इन सबमें फंसाया जा रहा है।

**मोदी पर राहुल का हमला**

राहुल का दौरा खत्म होने के चार दिन बाद अमित शाह भी उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। वे उन सीटों का दौरा करेंगे, जहां लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था। राहुल ने कहा-जीएसटी के प्रपोजल को कांग्रेस ने तैयार किया था। 18% टैक्स लगाने की बात थी, लेकिन इस सरकार ने मैक्सिमम 28% टैक्स लगाया। नतीजा, छोटे कारोबारियों पर संकट आ गया। लाखों की तादाद मे दुकानें बंद हो गईं। इनको टैक्स कम करना चाहिए था। टैक्स सिस्टम को सिंपलीफाई करना चाहिए था। इन्होंने नहीं किया। मेड इन इंडिया, मेड इन यूपी, मेड इन अमेठी से देश का विकास होगा। फूड पॉर्क को अमेठी से निकाल दिया। इसकी सबसे ज्यादा जरुरत अमेठी को थी। अगर मोदी जी ये काम नहीं कर सकते है, तो कांग्रेस को सत्ता में मौका दें। हम 6 महीने में करे दिखाएंगे। राहुल के दौरे की तारीख तय होने के बाद जिला प्रशासन ने कांग्रेस से सिक्युरिटी का हवाला देकर इसे 5 अक्टूबर के बाद रखने को कहा था। प्रशासन का कहना था, जिन इलाकों में राहुल का दौरा है, वहां दशहरे के बाद भी देवी दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन होता रहता है। ऐसे में, सिक्युरिटी देने में मुश्किल होगी।

**हर मोर्चे पर विफल रही मोदी सरकार...**

किसानों के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरते हुए पवार ने कहा कि सरकार ने भले ही कर्जमाफी पर 34,022 करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा की हो। लेकिन कर्जमाफी के लिए सरकार द्वारा इतने कड़े मानदंड निर्धारित किए गए हैं कि इस पर मुश्किल से 12000 करोड़ रुपए ही खर्च हो पाएंगे। राकांपा अध्यक्ष के अनुसार सरकार दीवाली तक किसानों को कर्जमाफी का लाभ देने की बात कर रही है। यदि ऐसा न हुआ तो पांच नवंबर को औरंगाबाद में किसानों की एक सभा का आयोजन कर राकांपा सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर देगी। बैठक के बाद पवार ने प्रेस को संबोधित करते हुए नोटबंदी और जीएसटी लागू करने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये दोनों निर्णय बिना तैयारियों के लिए गए। इस कारण देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है।









# GDP में गिरावट पर PM मोदी का 'बोल्ड' जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को यहां भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के स्वर्ण जयंती वर्ष का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने GDP पर बोल्ड बयान देते हुए कहा कि पिछली सरकार के 6 साल में 8 बार ऐसे मौके आए जब विकास दर 5.7 प्रतिशत या उससे नीचे गिरी। देश की अर्थव्यवस्था ने ऐसे क्वार्टर्स भी देखे हैं, जब विकास दर 0.2 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत तक गिरी। पुरानी बातें न भूलें।

**भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सरकार का स्वच्छता अभियान-** पीएम मोदी ने कहा कि यह सरकार के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आज देश की अर्थव्यवस्था कम नकदी के साथ चल रही है। नोटबंदी के बाद नकदी का सकल घरेलू उत्पाद में अनुपात नौ प्रतिशत पर आ गया है। आठ नवंबर 2016 से पहले यह 12 प्रतिशत से ज्यादा था। मोदी ने कहा, मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार द्वारा उठाए गए कदम देश



को आने वाले वर्षों में विकास की एक नई श्रेणी में रखने वाले हैं। हमने सुधारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। देश की वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखा जाएगा। निवेश बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए हम हर आवश्यक कदम उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश की बदलती हुई अर्थव्यवस्था में अब ईमानदारी को प्रीमियम मिलेगा और ईमानदारों के हितों की सुरक्षा की जाएगी।

**आलोचनाओं का करारा जवाब**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 7.5 प्रतिशत की औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के बाद इस वर्ष अप्रैल-जून की तिमाही में जीडीपी की विकास दर में कमी दर्ज की गई, लेकिन सरकार इसे बदलने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। आर्थिक विकास दर गिरने की हाल में हो रही तमाम आलोचनाओं का करारा जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के छह साल में आठ बार ऐसे मौके आए जब विकास दर 5.7 प्रतिशत या उससे नीचे गिरी। देश की अर्थव्यवस्था ने ऐसी तिमाहियां भी देखी हैं, जब विकास दर 0.2 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत तक गिरी है। उन्होंने कहा कि ऐसी गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए और ज्यादा खतरनाक थी, क्योंकि इन वर्षों में भारत उच्च मुद्रास्फीति, उच्च चालू खाता घाटे और उच्च राजकोषीय घाटे से जूझ रहा था।

# गांधी जयंती के दिन स्वच्छ इंडिया इवेंट पर अन्वेषा ने गाया बापू का भजन



**सिंगर अन्वेषा ने गांधी जयंती के दिन एन डी टीवी के बनेगा स्वच्छ इंडिया क्लिनोथोन इवेंट पर वैष्णव जन तो भजन गाया। ये इवेंट जुहू के सन एंड सैंड होटल में हुआ जहाँ अमिताभ बच्चन भी थे जो इस बनेगा स्वच्छ इंडिया इवेंट के ब्रांड एम्बेसडर थे।**

# सुंदरी ठाकुर के हाथों कूपर अस्पताल के मरीजों की नि: स्वार्थ सेवा ८ अक्टूबर को



न कोई स्वार्थ, न कोई उद्देश्य, सिर्फ सेवा- मानव सेवा, बस इसी धुन में लिप्त रहती हैं देश की जानी मानी संस्था नारी सम्मान संघटन (वुमेन रेस्पेक्ट फाउंडेशन) की अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर जिनके सौजन्य से आगामी रविवार ८ अक्टूबर २०१७ को मुंबई के कूपर अस्पताल के मरीजों को फल, बिस्कुट और जूस इत्यादि का वितरण किया जाएगा। उनके इस नेक काम के सहभागियों में बेटी बचाओ- बेटी पढाओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दूबे, दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, आदिल कुरैशी (समाजसेवक और बिजनेस मैन), कमर जहां एम. सिद्दि की(म्युनिसिपल कॉन्सिलर वार्ड नं.३४ और मेम्बर स्टॅनडिंग कमिटी), अभिजीत राणे (अध्यक्ष-धड़क कामगार युनियन), सूरज सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष, प्रदेश युवा कांग्रेस), खालिद बाबू कुरैशी (बीजेपी युवा नेता व वक्फ बोर्ड के सदस्य), मोहम्मद उस्मान खान (मुस्लिम सेवा संघ, जनरल सेक्रेटरी, महाराष्ट्र और सचिव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, महाराष्ट), प्रमुख हैं जो इस दौरान कूपर अस्पताल में उपस्थित रहेंगे और सुंदरी ठाकुर के उस मानव कल्याण कार्य के साक्षी बनने के साथ साथ उनका सहयोग करेंगे।





**ग्लोबल आउटडोर मीडिया ने अपना जलवा बरकरार रखते हुए एक बार फिर भारत का नंबर वन ब्रांड्स ( आ बी सी इंफो मीडिया प्रा. लिमिटेड इंटरनेशनल ब्रांड कंसल्टिंग कारपोरेशन यूएसए ) और मोस्ट ट्रस्टेड कंपनीज अवार्ड 2017 जीता है। यह अवार्ड पिछले 24 सितंबर को मुंबई में लीला इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए कार्यक्रम में भारत के लिए जाजियां यूएसए के काउंसिल जेनरल और राज्य मंत्री, वाटर रिसोर्सेज एंड वाटर कंजरवेशन पार्लियामेंट अफेयर्स के हाथों प्रदान किया गया।**

# RBI ने नहीं किया रेपो रेट में कोई बदलाव, दिसंबर तक करना होगा इंतजार

रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एम.पी.सी.) की दो दिवसीय बैठक में आज रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट को 6 प्रतिशत पर जबकि रिवर्स रेपो रेट को 5.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। हालांकि आर.बी.आई. ने एस.एल.आर. 0.5 फीसदी घटाकर 19.5 फीसदी किया है। बैंक के इस कदम से सस्ते कर्ज का इंतजार और लंबा हो गया है।

**अगली बैठक 5-6 दिसंबर को**

आर.बी.आई. ने वित्त वर्ष 2018 के लिए जी.वी.ए. अनुमान 7.3 फीसदी से घटाकर 6.7 फीसदी किया है वहीं सी.आर.आर. 4 फीसदी पर कायम है। रिजर्व बैंक ने अक्टूबर-मार्च में रिटेल महंगाई दर 4.2-4.6 फीसदी रहने का अनुमान दिया है। जनवरी-मार्च 2018 और अप्रैल-जून 2018 में रिटेल महंगाई दर 4.6 फीसदी



रहने का अनुमान है। जनवरी-मार्च 2019 में रिटेल महंगाई दर 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। आर.बी.आई. की अगली मौद्रिक नीति समिति की बैठक 5-6 दिसंबर के दौरान होगी।

**पिछली बैठक में घटाए थे रेपो रेट**

अपनी पिछली बैठक में एम.पी.सी. ने रेपो रेट को 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया था जबकि रिवर्स रेपो रेट को 6 प्रतिशत से 5.75 प्रतिशत कर दिया था। यह दस महीने में पहली कटौती थी। इससे नीतिगत दर करीब सात साल के निचले स्तर पर आ गई।

**समिति में शामिल हैं ये सदस्य**

मौद्रिक नीति समिति में सरकार द्वारा नामित सदस्यों में चेतन घाटे, पामी दुआ, रवीन्द्र एच ढोलकिया शामिल हैं। वहीं रिजर्व बैंक की तरफ से गवर्नर उर्जित पटेल, मौद्रिक नीति प्रभारी डिप्टी गवर्नर विरल.ए. आचार्य और बैंक के कार्यकारी निदेशक मिशेल डी पात्रा इसके सदस्य हैं।

**क्या होती है रेपो रेट?**

रेपो रेट वह दर होती है जिसपर बैंकों को आर.बी.आई. कर्ज देता है। बैंक इस कर्ज से ग्राहकों को लोन मुहैया कराते हैं। रेपो रेट कम होने का अर्थ है कि बैंक से मिलने वाले तमाम तरह के कर्ज सस्ते हो जाएंगे।

**रिवर्स रेपो रेट**

यह वह दर होती है जिस पर बैंकों को उनकी ओर से आर.बी.आई. में जमा धन पर ब्याज मिलता है। रिवर्स रेपो रेट बाजारों में नकदी की तरलता को नियंत्रित करने में काम आती है।

# सपा के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुलायम के जाने पर टिकीं लोगों की नजरें

यादव कुनबे में चले घमासान के बाद बाप-बेटे में समझौते की आ रही खबरों के बीच लोगों की नजरें अब आगामी 5 अक्तूबर को आगरा में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुलायम सिंह यादव के जाने पर टिक गई हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 से मुलायम सिंह यादव कुनबे में मचा घमासान गत 25 सितम्बर को उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद थमता नजर आया। प्रेस कांफ्रेंस के दूसरे दिन ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पिता और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव से मुलाकात कर डेढ़ घंटे बात की। मुलाकात के दौरान ही उन्होंने पिता को आगरा सम्मेलन में आने का न्यौता भी दे दिया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार अखिलेश ने पिता के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात करीब 6 महीने के अन्तराल पर हुई थी। प्रेस कांफ्रेंस में उम्मीद लगाई जा रही थी कि मुलायम सिंह यादव नई पार्टी या किसी मोर्चे के गठन की घोषणा करेंगे। इससे इतर अपने अनुज शिवपाल यादव को झटका देते हुए उन्होंने अखिलेश पर आशीर्वाद बने रहने और सपा को मजबूत करने का आह्वान कर दिया।

राजनीति के जानकारों ने इसे मुलायम सिंह यादव का दाव बताया। प्रेस कांफ्रेंस में शामिल रहे पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल ने तो इसे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ मुलायम सिंह यादव की साजिश तक करार दिया। सूत्रों ने बताया कि मुलायम सिंह से नाराज उनके छोटे भाई शिवपाल



सिंह यादव कई बार बुलाने पर 28 सितम्बर की सुबह उनसे मिलने गए। मिलने के बाद वह इटावा रवाना हो गए। सूत्रों के अनुसार शिवपाल यादव ने उनसे नाराजगी व्यक्त की।

इस सबके बावजूद लोगों की नजरें मुलायम सिंह यादव के आगरा सम्मेलन में जाने पर लगी हुई हैं। यादव यदि सम्मेलन में शामिल होते हैं तो साफ हो जाएगा कि वह अपने पुत्र अखिलेश यादव को पार्टी की एकछत्र ताकत देना चाहते थे। आगरा सम्मेलन में नहीं जाने पर यह संदेश जरूर जाएगा कि वह परिवार में एका चाहते हैं और शिवपाल यादव को भी पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के पक्षधर हैं।

# CM केजरीवाल बोले 'निर्वाचित मुख्यमंत्री हूं, आतंकी नहीं'

दिल्ली में अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के विधेयक का विरोध करने के लिए उपराज्यपाल अनिल बैजल पर नाटकीय ढंग से प्रहार करते हुए अरविंद केजरीवाल ने आज कहा, मैं एक निर्वाचित मुख्यमंत्री हूं, न कि आतंकवादी। दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय सत्र के दौरान केजरीवाल ने उपराज्यपाल, भाजपा और नौकरशाहों के बीच मिलीभगत होने के आरोप लगाए जिस पर विपक्ष ने सभा से बहिर्गमन किया। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के मालिक हम हैं, न कि नौकरशाह। उनके इस बयान का आम आदमी पार्टी के विधायकों ने मेज थपथपाकर स्वागत किया। दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब 15 हजार अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के लिए विधानसभा में पेश एक विधेयक पर चर्चा में वह भाग ले रहे थे। विधेयक को सदन में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैजल ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि सेवाओं से संबंधित मामले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के विधानसभा के विधायी दायरे से बाहर हैं और प्रस्तावित विधेयक संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक नहीं हैं।

केजरीवाल ने आरोप लगाए कि शिक्षकों को नियमित करने से संबंधित फाइल उपराज्यपाल के निर्देश पर अधिकारियों ने कभी भी उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नहीं दिखाए जिनके पास शिक्षा विभाग भी है। केजरीवाल ने कहा, इन फाइलों में क्या गोपनीय बातें हैं जो हमें नहीं दिखाई जा सकतीं? केजरीवाल ने बैजल की इस आपत्ति पर भी सवाल उठाए कि सरकार ने विधेयक पेश करने से पहले कानून विभाग से सलाह नहीं ली। उन्होंने कहा, लोग विधि सचिव को नहीं चुनते, वे हमें चुनते हैं। देश लोकतंत्र से चलता है, नौकरशाही से नहीं। दिल्ली के हम मालिक हैं। वे (नौकरशाह) हमारे आदेशों का पालन करेंगे। आप के 2015 में सत्ता में आने के बाद से नौकरशाही से उसके रिश्ते अच्छे नहीं हैं, खासकर राजधानी के प्रशासनिक ढांचे के मामले जहां निर्वाचित मुख्यमंत्री से ज्यादा शक्तियां उपराज्यपाल के पास होती हैं।



**काल गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बेटी बचाओ बेटी बचाओ पढाओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल दुबे जी और उनके सहयोगी संजय मिश्रा जी, सोनी दुबे जी, प्रतिमा पांडेय जी, मनीष दुबे जी, आरती सर्मा जी, तृप्ति सोनी जी सौजन्या जी, के अथक प्रयास से 100 बेटियों को बुक पेंसिल, और भोजन का वितरण किया गया ये कार्यक्रम अंधेरी ईस्ट पंप हॉउस के नजगिक 1 स्लम में किया गया ।**

# बड़े हमले की तैयारी में जैश खुले में घूम रहे हैं 6 आतंकवादी

हाल ही में हुए श्रीनगर में BSF के कैंप पर हमले के दौरान सेना और आतंकवादियों में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी है। लेकिन इन तीनों के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। खबरों के मुताबिक पता चला है कि जुलाई में जैश के कुल 10 आतंकियों ने पाकिस्तान के रास्ते हिंदुस्तान में घुसपैठ की हुई है जिनमें से 6 आतंकवादी खुले में घूम रहे हैं और वह किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया है कि दुनिया भर में बड़े हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के 10 लोग जुलाई में पड़ोसी देश से बारामुला के रास्ते घाटी में आए थे। अगस्त में इन्होंने पुलवामा में जिला पुलिस लाइन पर हमला किया था, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 4 लोग और सीआरपीएफ के 4 लोग शहीद हुए थे। हमला करने वाले 3 आतंकवादी भी मारे गए थे।

इस हमले के बाद जैश के बचे हुए 7 आतंकवादियों ने 2 स्थानीय आतंकवादियों को अपने साथ मिला लिया और ये 3 हिस्सों में बंट गए। किसी बड़े हमले का प्लान बनाते हुए इन आतंकियों ने नजर अवंतीपुर एयरफील्ड और श्रीनगर ओल्ड एयरफील्ड जिसका



इस्तेमाल सिविल विमानों की आवाजाही के लिए भी होता है। आखिर में आतंकियों ने बीएसएफ का शिविर चुना। मंगलवार को किए गए हमले में सुरक्षा बल के एक सहायक उप निरीक्षक शहीद हो गए और 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। 3 आतंकवादी भी मारे गए थे। अब भी जैश के 6 आतंकवादी बचे हुए हैं, जिनमें 4 पड़ोसी देश से आए हैं और बाकी 2 स्थानीय हैं। ये 3-3 के 2 गुटों में बंटकर नया निशाना ढूंढ रहे हैं। सुरक्षा बलों का अनुमान है कि ये शोपियां, पुलवामा या अनंतनाग के किसी इलाके में अटैक कर सकते हैं।



**सफाई का अभियान आमबूज बारी से समाज को मुख धारा में सफाई के लिए आमंत्रित किया और सफाई किया विशाल भगत कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रकोष्ठ मुम्बई और उनके साथियों के सहयोग से सफाई किया गया।**

# रेप केस मामले में फंसे सुच्चा सिंह लंगाह 9 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड पर

गुरदासपुर(दीपक/विनोद): रेप केस में फंसे पूर्व अकाली मंत्री सुच्चा सिंह लंगाह हाईकोर्ट फटकार के बाद गुरदासपुर कोर्ट पहुंचे जहां उन्हें 9 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। इससे पहले लंगाह ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी लेकिन कोर्ट ने उन्हें अधिकार क्षेत्र से बाहर होने के चलते गुरदासपुर जानें की सलाह दी थी।

गौरतलब है कि सुच्चा सिंह का लड़की के साथ अश्लील हरकत करते वीडियो वायरल हो गया था। वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने अपनी ही सरकार से तत्काल ऐसे वीडियो को वायरल होने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

इस दौरान विभिन्न संगठनों ने इक्ट्ठे हो लंगाह



मुदार्बाद के नारे लगाए।

बता दें कि पीड़ित महिला ने एफ.आई.आर. दर्ज कराने से 12 दिन पहले सुच्चा सिंह लंगाह को चेतावनी दी थी कि अगर उसकी ज्यादतियां नहीं रुकी तो वह पुलिस के पास शिकायत करेगी। पीड़िता ने यह बात खुद पुलिस को बताई है।

सुनील जाखड़ ने इस वीडियो के वायरल होनो पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि लंगाह को कानून का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद ही शर्मनाक घटना है। इस तरह की वीडियो वायरल होने से बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। इससे न सिर्फ नकारात्मक सोच बनती है बल्कि बच्चों के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

# डेमोक्रेसी में हिंसा की जगह नहीं, लेकिन केरल में सियासी हत्याएं हो रहीं: योगी

**कुन्नूर (केरल)।** केरल में पिछले दिनों हुई बीजेपी और आरएसएस कार्यकर्ताओं की हत्याओं पर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन यहां राजनीतिक हत्याएं हो रही हैं। बुधवार को वे यहां पार्टी की जनरक्षा यात्रा में शामिल होने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा केरल, वेस्ट बंगाल और त्रिपुरा की सरकारों के लिए आईना है। योगी की यह पैदल यात्रा 9 किलोमीटर की है। लेफ्ट के



गढ़ माने जाने वाले केरल में मंगलवार को 'लाल आतंक' के विरोध का नाम देते हुए अमित शाह ने इस यात्रा का आगाज किया था। बता दें कि यह यात्रा 15 दिनों तक चलेगी। माना जा रहा है कि इसके जरिए बीजेपी 2019 में केरल में पैठ बनाना चाहती है। इस यात्रा से शाह ने केरल के सीएम पिनरायी विजयन को चुनौती दी है, क्योंकि यह कन्नूर के पयन्नुर से शुरू की गई है जो सीएम के गृहनगर पिनरायी से सटा हुआ है।

### योगी को ही क्यों भेजा गया?

बताया जा रहा है कि केरल में बीजेपी जिन मुद्दों से लड़ रहे हैं, योगी उन पर पहले से काम कर रहे हैं। इसके अलावा हिंदुत्व के चेहरे के तौर पर उनकी यहां बीजेपी सपोर्टर्स के बीच काफी पॉपुलेरिटी है। खबर के मुताबिक, इससे पहले मंगलवार को अमित शाह ने केरल में हुई बीजेपी-आरएसएस कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए राज्य की लेफ्ट फ्रंट गवर्नमेंट को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कन्नूर में टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि जब भी सीपीएम सत्ता में आती है तो बीजेपी वर्कर्स के खिलाफ हमलों की घटनाओं में बढ़ोतरी होने लगती है। अगर सरकार चलानी नहीं आती है तो लेफ्ट फ्रंट गवर्नमेंट को सत्ता छोड़ देनी चाहिए। इससे पहले उन्होंने दिन में कहा था कि राज्य में बीजेपी और संघ कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए सीएम विजयन ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 120 बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्याएं हुई हैं। इनमें से 84 लोग सीएम के गृह जिले में मारे गए हैं।

# दवा लेकर खड़ा रहा पति

## ओटी में पत्नी ने तोड़ा दम

**लखनऊ।** नर्स अगर समय से दवा पहुंचा देती तो मेरी पत्नी की जान बच जाती, पास होने के बावजूद मुझे भी वॉर्ड में नहीं जाने दिया गया। यह बात कहकर राजू बिलख बिलखकर रो रहा था। क्वीन मेरी अस्पताल में पत्नी की मौत से परेशान राजू ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की हालत गंभीर थी और माइक पर उसके लिए दवा लाने की अनाउंसमेंट हो रही थी, लेकिन गार्ड ने उसे अंदर नहीं जाने दिया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। बहराइच निवासी आठ माह की गर्भवती सुशीला को गंभीर हालत में सोमवार रात क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुशीला के





पति राजू ने बताया कि सुबह ऑपरेशन से एक मृत शिशु को जन्म दिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, वहीं डॉक्टर ने उसे कुछ दवाईयां और जांचें लिखी। जांच की रिपोर्ट लेकर जब राजू वापस आया तो उसे गार्ड ने अंदर नहीं जाने दिया। गेट पर खड़े होकर वो किसी के हाथ रिपोर्ट और दवा अंदर ले जाने की प्रार्थना करने लगा, लेकिन गार्डों ने उसे अनसुना कर दिया। राजू के पास गेट पास भी था जिसे वो बार बार दिखा रहा था, लेकिन उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। क्वीन मेरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी जैसवार कहते हैं, महिला की हालत काफी गंभीर थी, उसे हमने बचाने की कोशिश की लगभग 10.30 बजे ही उसकी मौत हो गई थी। मरीज के परिजन क्या शिकायत कर रहे हैं उसकी जानकारी नहीं है, न ही मेरे पास कोई लिखित शिकायत आई है।

**गेट तक थी ओपीडी की लाइन:** तीन दिन बाद खुली ओपीडी में मरीजों की लाइन गेट तक आ गई थी। भारी भीड़ की वजह से गार्डों ने उसे अंदर घुसने नहीं दिया। लगभग डेढ़ घंटे तक वो गेट पर खड़े होकर गिड़गिड़ाता रहा। 11.30 बजे जब उसे अंदर जाने को मिला तो उसे पता चला कि सुशीला की मौत हो गई है। मौत की खबर सुनकर राजू टूट गया और बिलख बिलखकर रोने लगा। राजू ने कहा कि गेट पास होने के बाद भी उसे अंदर नहीं जाने दिया गया।

# पत्नी ने पहले पति को पिलाया जहर

## फिर खुद लगा ली आग



**पटना।** बिहार के जहानाबाद में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना हुई। आपसी झगड़े के बाद पति-पत्नी ने खुदकुशी करने की कोशिश की। इस घटना में जहां पत्नी और घर के एक बच्चे की मौत हो गई, वहीं पति अभी भी जिंदगी की जंग लड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय गौरक्षणी मुहल्ले में मंगलवार की रात पति के खाने में जहर देकर एक विवाहिता ने शरीर में आग लगाकर खुद भी जान दे दी।

इतना ही नहीं उसके शरीर के आग से झूलसकर दूधमुहें भांजे की भी मौत हो गई। इधर पति संजय चौधरी उर्फ बिगन भी पीएमसीएच में जीवन मौत से जूझ रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष एसके शाही वहां पहुंचे और सदर अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया। इस घटना को लेकर गौरक्षणी मुहल्ले के लोग काफी सशंकित हैं। मृतका पूजा 20वर्ष की शादी डेढ़ साल पहले अर्जुन चौधरी के पुत्र संजय चौधरी उर्फ बिगन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनो के बीच काफी विवाद चल रहा था। एक दूसरे के साथ कभी भी बेहतर संबंध नहीं रहा। इसके कारण मृतका मायके में ही रहा करती थी। दो दिन पहले वह यहां आई थी।

यहां आने के बाद भी दोनो के बीच विवाद हो गया था। संजय के पिता ने बताया कि उसकी बहू पूजा ने खाने में ही अपने पति को जहर दे दिया। खाना खाने के दौरान ही उसकी तबीयत बिगडने लगी तो परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। अपने भाई के साथ उसकी ननद भी अस्पताल चली आई थी। इसी बीच उसने किरासन तेल छिड़कर अपने शरीर में आग लगा लिया।

उसके शरीर के आग से झूलसकर भांजा विक्रम डेढ वर्ष भी बुरी तरह झूलस गया। फिर दोनो को भी सदर अस्पताल लाया गया जहां पूजा की मौत हो गई जबकि दूधमुहें बच्चे को पीएमसीएच भेजा गया। वहां उसकी भी मौत हो गई। अब तक इस सिलसिले में प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई है।

# लालू की गैर मौजूदगी में राबड़ी ने बुलाई राजद की आपात बैठक



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने बुधवार को अपने दस सर्कुलर रोड स्थित आवास पर राजद विधायकों और पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों की आपात बैठक बुलायी, जिसमें पार्टी के नेता और विधायक पहुंचे। बैठक में लोकसभा चुनाव और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बता दें कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके छोटे पुत्र तेजस्वी यादव आजकल दिल्ली में हैं और इस वजह से वह बैठक में मौजूद नहीं थे। पहली बार पार्टी की बैठक की अध्यक्षता स्वयं राबड़ी देवी ने की। बताया जा रहा है कि बैठक में वर्तमान हालात में पार्टी की स्थिति की समीक्षा की गई और साथ ही राज्य सरकार के खिलाफ पार्टी के स्टैंड पर भी मंथन किया गया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र पूर्वे से जब इस बैठक के एजेंडा के संबंध में बात की गयी तो उन्होंने कहा कि राज्य की ज्वलंत समस्याओं पर विमर्श के लिए बैठक बुलायी गयी थी। इन मुद्दों पर पार्टी के स्टैंड को किस तरह से रखा जाए इस पर बैठक में विशेष रूप से चर्चा हुई।

# विमान के करीब पहुंच गया ट्रेन का किराया

**लखनऊ।** तीन दिनों तक लगातार छुट्टी के बाद दिल्ली वापसी की मारामारी रेल आरक्षण केंद्रों तक नजर आई। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के तत्काल कोटे के लिए एक अक्टूबर को सभी आरक्षण केंद्रों पर लंबी भीड़ रही। आलम यह रहा कि पहले नंबर पर ही दिल्ली की ट्रेनों के कंफर्म टिकट बन सके। जबकि दूसरे नंबर पर स्थिति रिग्रेट हो गई। इसके चलते लखनऊ मेल का तत्काल प्रीमियम का एसी थर्ड और एसी सेकेंड का किराया विमान के न्यूनतम किराए से अधिक पहुंच गया। लखनऊ मेल का एसी थर्ड का तत्काल प्रीमियम का किराया 1,800 जबकि एसी सेकेंड का 2,500 के करीब रहा। शताब्दी एक्सप्रेस का एसी चेयरकार का फ्लेक्सी फेयर भी 1,600 रुपये के करीब तक हो गया। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस का किराया भी 1,900 रुपये के बीच रहा। लखनऊ से दिल्ली का आम दिनों में विमान का न्यूनतम किराया दो हजार से 2,500 रुपये के बीच रहता है।

लेकिन दो अक्टूबर को अधिक मांग के कारण यह पांच हजार से छह हजार रुपये के बीच हो गया। लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, कैफियात एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, फैजाबाद दिल्ली एक्सप्रेस सहित दिल्ली की सभी ट्रेनों में सामान्य आरक्षण की वेटिंग अधिक होने से करीब 40 प्रतिशत यात्रियों के टिकट कंफर्म नहीं हो सके।

# एक पैकेट ताजी हवा की कीमत 150 रुपये चीन बेच रहा है आप खरीदेंगे

चीन में इन दिनों लोग घर बैठे ताजी हवा का आनंद ले रहे हैं। कहीं बाहर निकलना भी नहीं पड़ता और पहाड़ों की ठंडी और ताजी हवा उन्हें मिल रही हैं। दरअसल चीन के जीनिंग प्रांत में पैकेट में फ्रेश हवा बेचे जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक जिनिंग में रहने वाली दो बहनें रोजाना सड़क किनारे पैकेट में ताजी हवा भरकर लोगों को बेच रही हैं। एक पैकेट की कीमत 150 रुपये है। पहली बार सुनने में यह भले ही अजीब लगे लेकिन चीन में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए इन बहनों ने यह स्टार्ट अप शुरू किया है।

**आखिर क्या है असली वजह**


खबरों की मानें तो दोनों बहनों ने करीब 100 पैकेट



बेच दिए हैं। इनमें भरी हवा तिब्बत के पहाड़ी इलाकों से लाई गई है। हवा को पैकेट में भरने का मैकेनिज्म क्या है यह अभी नहीं पता चल पाया। परंतु इतना जरूर है इन दोनों चाइनीज लड़कियों का यह आइडिया ट्रेंड में आ गया है। इनका मानना है कि वो ये सब पैसे के लिए नहीं कर रहीं, बल्कि लोगों को बढते प्रदूषण के प्रति आगाह कर रहीं। चीन की आबादी बहुत ज्यादा है, जिसके चलते ज्यादा वाहन चलते हैं और वायु प्रदूषण का खतरा रहता है। ऐसे में लोगों को सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा नहीं मिल रही।

आपको बता दें कि इससे पहले भी कनाडा की एक कंपनी ने ताजी हवा बेचना शुरू किया था। यह कंपनी भी पहाड़ों से हवा भरकर लाती थी और उन्हें पैकेट में भरकर बेचती थी।

# इस नॉन लिविंग टेंपल के अंदर मौजूद है 20 गुफाएं



मध्यप्रदेश ऐतिहासिक विरासतों का खजाना माना जाता है। आज हम आपको मध्यप्रदेश में स्थित एक ऐसी बावड़ी के बारे में बताने जा रहें जिसके नीचे 20 गुफाएं मौजूद है। इतना ही नहीं इन गुफाओं में हमेशा साफ पानी बहता रहता है। आइए जानते है इस किले के बारे में कुछ और बातें।

–मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में मौजूद इस किले में रोजाना 100 से भी ज्यादा टूरिस्ट आते है। इस पूरी बावड़ी को एक ही तरह के पत्थर से बनाया गया है।

–एक सर्वेक्षण के बाद इस बावड़ी को बंद कर दिया गया है। छोटी होने के कारण इसके अंदर टूरिस्टों का जाना मना है। टुरिस्ट सिर्फ इस बावड़ी के अंदर ही जा सकते है।

–सबसे बड़ी मानी जाने वाली इस किले की गुफाओं में कई झीरे है जिन में हमेशा साफ पानी बहता है। इन गुफाओं में कई छोटी और बड़ी जैन प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है।

–मुगल शासक काल के दौरान इन प्रतिमाओं को खंडित करने की कोशिश की गई थी लेकिन वो इस काम में सफल नहीं हो पाएं।

–इन गुफाओं के दूसरे छोर पर आप अद्भुत हनुमान मंदिर देख सकते है। इसका सर्वेक्षण करने के बाद इस जगह को नॉन लिविंग टेंपल कहा जाता है।

# चीन के इन 2 रेस्टोरेंट में महिलाओं को खाने में मिलता है Discount



आपने दुनिया के बहुत से खुबसूरती और अच्छे खाने वाले रेस्टोरेंट में खाना खाया होगा। आपको कई रेस्टोरेंट में डिसकाउंट भी मिला होगा लेकिन आज हम आपको ऐसे रेस्टोरेंट के बारे में बताने जा रहें है जहां पर सिर्फ लड़कियों को डिसकाउंट दिया जाता है। आइए जानते है इन रेस्टोरेंटस के बारे में कुछ और बाते।

**1. जेजू आइलैंड रेस्टोरेंट**

चीन के हेनान प्रांत की राजधानी झेंगझोऊ में मजौद इस रेस्टोरेंट में खुबसूरत महिलाओं को खाना बिल्कुल मुफ्त दिया जाता है। जेजू आईलैंड नाम के इस रेस्टोरेंट में दिन की 50 खुबसूरत महिलाओं को खाना बिल्कुल फ्री दिया जाता है। इस रेस्टोरोंट में परंपरागत व्यंजन जैसे मांस, सब्जियों, मशरूम, अंडे और सी फूड बनाया जाता है। इसके लिए प्लास्टिक सर्जन का एक समूह युवतियों की खूबसूरती की जांच पड़ताल करके उसे खुबसूरत घोषित करता है। यहां पर हर तीस मिनट में 5 सबसे ज्यादा नंबर पाने वाली युवतियों को खाना फ्री दिया जाता है।

**2. ट्रेंडी श्रिंप रेस्टोरेंट**

चीन के इस दूसरे रेस्टोरेंट में महिलाओं को उनकी ब्रा के साइज के हिसाब से खाना में डिस्काउंट दिया जाता है। इस रेस्टोरेंट में महिलाओं के ब्रा साइज का पेस्टर बी लगाया गया है जिसके लेकर कुछ शिकायतें भी की गई थी।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। विवाद न करें। उन्नति होगी। प्रमाद न करें। सभी समस्याएं दूर होगी।

**सिंह**
प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। धनार्जन होगा। क्रोध न करें। बाधा दूर होगी। वाहनादि चलाते समय सावधानी रखें।

**धनु**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थोड़े प्रयास से लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम लेने का मन बनेगा। जमीन संबंधी विवाद की आशंका रहेगी।

**वृष**
योजना बनेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। परिवार की चिंता रहेगी। पूछ-परख रहेगी। बाहरी सहायता मिलेगी। लाभदायी योजनाएं हाथ में आएंगी।

**कन्या**
संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**मकर**
उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। शुभ समाचार मिलेंगे। पुराने ईष्ट मित्र मिलेंगे। लाभ होगा। आजीविका में उन्नति होगी।

**मिथुन**
राजकीय सहयोग मिलेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। कुसगंति से बचें। लाभ होगा। कोई रुका काम बनने से प्रसन्नता होगी।

**तुला**
स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। रोग व चोट से बचें। धनार्जन होगा। रुकी रकम प्राप्त होने से आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**कुंभ**
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। धनार्जन होगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**कर्क**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। झंझटों में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। व्यापारिक गोपनीयता बनाए रखें।

**वृश्चिक**
दौड़धूप अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धैर्य रखें।

**मीन**
अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता बढ़ेगी।

# अजीबोगरीब रेस्त्रां, कहीं सलाखों के बीच परोसा जाता है लंच तो कहीं ऑपरेशन थियेटर में

टोक्यो में एक रेस्त्रां है जहां पर पुरुष वेटर बड़े अलग लुक में नजर आते हैं। यही इस रेस्त्रां की खासयित है। यहां पुरुष महिला की पोशाक पहने रहते हैं। पुरुष वेटर महिलाओं की डजिाइनर पोशाक में मेहमानों को प्यार से खाना परोसते हैं।

**ऑपरेशन थएिटर वाला रेस्त्रां**

ताइपे में यह ऑपरेशन थएिटर जैसा रेस्त्रां काफी फेमस है। यहां पर महलि वेट्रेस नर्सों की पोशाक में रहती हैं और मेहमानों को खाना परोसती हैं। ऐसे में इनको देखने के बाद आपको लगेगा कि शायद आप किसी ऑपरेशन थएिटर में हैं।

**रेस्त्रां का लुक जेल जैसा**

चीन में एक रेस्त्रां का लुक जेल जैसा है। यहां पर आने पर सलाखों के पीछे खाना परोसा जाता है। ऐसे में इस रेस्त्रां में आने पर लोग यहां खाने से ज्यादा इसको देखते रहते हैं। लोग मजाक भी करते हैं कि जिेल में खाना खा रहे हैं।

**ट्रेन कोच वाला रेस्त्रां**

शेनयांग में भी एक बड़ी अनोखी थीम वाला रेस्त्रां हैं। यहां रेस्त्रां को ट्रेन कोच का आकार दिया गया है। यहां बैठने पर ऐसा लगता है कि जैसे कसिी ट्रेन में सफर करते हुए खाना खा रहे हैं। यह रेस्त्रां काफी चर्चित है।

**हवा में बना रेस्त्रां**

बेल्जियम में भी एक बड़ा अनोखा रेस्त्रां है। यहां इस रेस्त्रां में आने वाले मेहमानों को हवा में खाना परोसा जाता है। यह अनोखा रेस्त्रां क्रेन की मदद से हवा में करीब 50 मीटर की



टेबल में फैला है। लोगों को बड़ा मजा आता है।

**टॉयलट सीट वाल रेस्त्रां**

चीन के शेनजेन में एक रेस्त्रां में चेयर और काउच की जगह पर टॉयलट सीट रखी है। यहां आने वाले मेहमानों को इन यूनकि टॉयलट सीट बैठाया जाता है और उनके सामने टेबल पर खाना लगाया है। लोग बड़े मजे से खाते हैं।

**रोबोट परोसते खाना**

हर्बिन में भी एक यूनकि थीम वाला मशहूर रेस्त्रां है। यहां वेटर या वेट्रेस खाना नहीं परोसते हैं। इस रेस्त्रां में खाना परोसने का काम रोबोट करते हैं। रोबोट बड़े आराम से मेहमानों की सेवा करते हैं। बच्चों को यह बहुत भाता है।

# रोज खाएं मुट्ठीभर अनार के दाने इन 7 परेशानियां से पाएं निजात



खाने में मीठा अनार, सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर रोजाना अनार के दानों का सेवन किया जाए तो इससे स्वास्थ्य संबंधी प्रॉबल्म दूर होती है। इसके अलावा इससे सेहत भी हमेशा ठीक बनी रहती है। आज हम आपको रोजाना अनार के दाने खाने के कुछ फायदे बताएंगे जो आपको भी पता होने चाहिए।

**- पाचन क्रिया**
अनार में भरपूर फाइबर मौजूद होता है। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है और पेट से संबंधित कई प्रॉबल्म दूर होती है।

**- कैंसर से बचाव**
अनार में ऐसे गुण मौजूद है जो ब्रेस्ट, प्रोस्टेट और फेफड़ों के कैंसर में से हमे बचाएं रखते है।

**- कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल**
अनार में विटमिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट जैसै तत्व भी मौजूद है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते है और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल रखता है।

**- उच्च रक्तचाप**
रोजाना अनार के दानों का सेवन करने से उच्च रक्तचाप भी ठीक रहता है और खून की कमी भी पूरी हो जाती है लेकिन ध्यान रखें कि अगर आप डायबिटीज के मरीज है तो इससे परहेज रखे।

**- हार्ट अटैक**
अनार को खाने से शरीर में खून का सर्कल सही तरीके से चलता रहता है। हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा टल जाता है।

**- तनाव**
खराब मुड में अनार का सेवन काफी फायदेमंद है। अगर आपको तनाव भी रहता है तो अनार का सेवन करें। इससे यह प्रॉबल्म भी गायब हो जाएगी।

**- तेज दिमाग**
इनसको खाने से दिमाग भी तेज रहता है और अल्जाइमर्स जैसी बीमारियां होने का खतरा भी टल जाता है।

# स्किन को हैल्दी रखने के लिए आहार में शामिल करें ये Foods

खूबसूरती मेकअप से नहीं बल्कि हैल्दी स्किन से होती है। खान-पान की कमी के कारण स्किन से जुडी बहुत सी परेशानियां हो जाती है। ऑयली स्किन इसकी खास कारण माना जाता है। चेहरे पर तेल जमा होने के कारण मुंहासे होने लगते हैं,जिससे पर्सनैलिटी खराब हो जाती है। अपनी डाइट का ख्याल रखकर आप स्किन को हैल्दी बनाएं रख सकते हैं।

**खीरा**
खीरे में पानी की मात्रा भरपूर होती है। जिससे स्किन हाइड्रेट रहती है। इसे सलाद के रूप में खाने से सेहत भी अच्छी रहती है। इसे फेस पैक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सूखे मेवे**
ड्राई फ्रूट में ओमेगा 3 फैटी एसीड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसे आहार में शामिल करने से ऑयली स्किन से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती हैं।


**संतरे**
संतरे और खट्टे फल में विटामिन सी भरपूर मात्रा होता है। जो स्किन को डिटॉक्सीफाइड करने का काम करता है और इससे स्किन से एक्सट्रा तेल भी निकल जाता है।

**हरी सब्जियां**
हरी सब्जियों में तेल और फैट बहुत कम होता है और यह फाइबर से भरपूर होती हैं। इसे अपने आहार में शामिल करके स्किन अंदरूनी रूप से साफ रहती है,जिससे मुंहासे नहीं होते।

**एवोकाडो**
यह स्किन से साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसे फेस पैक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डार्क चॉकलेट**
डार्क चॉकलेट का खाने में टेस्टी होने के साथ हैल्दी भी है। इसे फेस पैक के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को जवां बनाएं रखते हैं।

**नारियल पानी**
नारियल पानी से त्वचा साफ रहती हैं और चेहरे का अतिरिक्त तेल भी खत्म हो जाता है। इसे फेस पैक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# एक कटोरी दलिया मोटापे के साथ करेगा कई परेशानियां दूर

*दलिया पौष्टिकता से भरा बेहद सिंपल सा नाश्ता है। साबुत गेहूं से बने दलिए फाइबर से साथ-साथ और भी बहुत से जरूरी तत्व होते हैं। जो बॉडी में पौष्टिक तत्वों की कमी को पूरा करते हैं। इस पचाना बेहद आसान है और इसके अलावा भी इसके गुण सेहत के लिए लाभकारी माने जाते हैं।*

**1. भरपूर एनर्जी**
दिन में एक बार एक कटोरी दलिए का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे पूरा दिन शरीर में उर्जा बनी रहती है और मेटाबॉलिज्म भी बेहतर रहता है। नाश्ते में दलिया खाना सबसे अच्छा है और इसका ज्यादा फायदा मिलता है।


**2. कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल**
दलिया बहुत ही लाभकारी नाश्ता है। इसमें घुलनशीन और अघुलनशील दोनों तरह के फाइबर होते हैं। जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना का काम करता है।

**3. मोटापा घटाएं**
सुबह के समय दलिया खाने से बहुत समय तक भूख नहीं लगती। बॉडी को भरपूर एनर्जी मिलती है और मोटापा भी कम होता है।

**4. विषैले पदार्थ बाहर**
शरीर के विषैले पदार्थों का बाहर निकलना बहुत जरूरी है। दलिया के एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर गुण शरीर से विषैले तत्वों के बाहर निकाल स्फूर्ति लाते हैं।

**5. बीमारियां दूर**
सुबह के समय हैल्दी नाश्ता करना बहुत जरूरी है। इससे कमजोरी दूर होती है और सारा दिन एनर्जी भी बनी रहती है और इसमें मौजूद आयरन खून की कमी को पूरा करने का काम करता है। इसके साथ ही पेट भी तंदुरुस्त रहता है।

# तनाव से रहना है दूर तो रोजाना 3 मिनट के लिए करें यह काम!



भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत की तरफ ध्यान नहीं दे पाते, जिसके कारण उन्हें कई बीमारियां घेर लेती है। सेहत संबंधित इन परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए लोग कई दवाइयों का सेवन करते हैं लेकिन फिर भी उन्हें आराम नहीं मिलता। अगर आप खुद को स्वास्थ्य रखना चाहते हैं तो रोजाना एक्सरसाइज करें। रोजाना 3 मिनट दौड़ें। इससे सेहत संबंधित कई फायदे होते है।

जी हां, हाल में ही एक शोध में पाया गया है कि रोज तीन मिनट तक बिना रूके ट्रेडमिल पर दौड़ना, साइकिल करना और रस्सी कूदना 30 मिनट टहलने या फिर जॉगिंग करने जितना ही फायदेमंद है। इससे ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप कंट्रोल में रहता है, जिससे हदयरोगों का खतरा कम होता है। यहीं नहीं, शरीर में और व्यायाम करने की रुचि पैदा होती है।

इसके अलावा अगर आप तनाव से ग्रस्त है तो 3 मिनट की एक्सरसाइज आपके लिए बहुत फायदेमंद है। इससे तनाव कम होता है और आप अच्छा महसूस करते है।



# सहवाग का खुलासा

**नई दिल्ली।** वनडे सीरीज 4-1 से गंवा चुकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी इस सीरीज में स्लेजिंग से इसलिए दूर रहे, क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता थी कि कहीं वह अगले साल होने वाली आईपीएल बोली में ऊंची कीमत मिलने का मौका न गंवा दें। ये कहना है टीम इंडिया पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का। सहवाग ने एक टीवी प्रोग्रैम के दौरान कहा, 'वे (ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी) अगले साल होने वाली आईपीएल बोली को लेकर चिंतित थे। अगर वनडे सीरीज में वे किसी भारतीय खिलाड़ी के साथ स्लेजिंग करते दिखते, तो भारतीय फ्रेंचाइजी इन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर ऊंची बोली लगाने से पहले सोचते।' दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता देखने को मिलती,जब ये दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ती हैं, तो इसकी झलक हमेशा दिखती है। इस साल की शुरूआत में दोनों टीमों के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में भी ऐसा ही कुछ दिखा था। बेंगलुरू में दूसरे टेस्ट के दौरान तब विवाद खड़ा हो गया था, जब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के बाद डीआरएस लें या न लें, इसके लिए ड्रेसिंग रूम की तरफ देखने लगे थे। तब स्मिथ ने अपनी सफाई में इस घटना को 'ब्रेन फेड' (कुछ समय के लिए दिमाग सुन्न पड़ जाना) बताया था। मामला इतना गंभीर हो गया था कि आईसीसी को हस्तक्षेप को हस्तक्षेप करना पड़ा था। लेकिन,अमूमन आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले कंगारू हालिया वनडे सीरीज में एकदम बेरंग और आत्मविश्वास से खाली दिखे। सहवाग ने कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम दबाव में खेल रही थी क्योंकि उसके पास वे बड़े खिलाड़ी नहीं थे, जो कभी टीम में हुआ करते थे।'सहवाग का मानना है कि उनकी टीम दो या तीन खिलाड़ियों पर निर्भर है। डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और एरॉन फिंच में से स्मिथ कुछ खास नहीं कर पाए। इसके अलावा पिछली बार टेस्ट सीरीज के दौरान हुई बदतमीजी, खासकर ब्रेन फेड होने वाली घटना, और उसे लेकर स्मिथ की आलोचना की वजह से भी ऑस्ट्रेलिया पर दबाव पड़ा।

## टी-20 के बाद अब टी-10 : सहवाग-अफरीदी-संगकारा फिर से दिखाएंगे दम

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड अरब अमीरात जल्दी ही क्रिकेट का एक नया फॉर्मेट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस फॉर्मेट में आपको शाहिद अफरीदी, वीरेंद्र सहवाग, कुमार संगकारा और इंग्लैंड के वर्तमान कप्तान इयोन मोर्गन खेलते दिखाई देंगे। दिसंबर में शुरू होने वाला यह फॉर्मेट टी-10 के नाम से जाना जाएगा। इसमें दोनों टीमों को खेलने के लिए 10 ओवर दिए जाएंगे। 90 मिनट के इस मैच में दोनों टीमों को 45-45 मिनट मिलेंगे। बता दें कि टी-20 क्रिकेट की शुरूआत 2003 में हुई थी। पहला टी-20 मैच ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2005 में खेला गया था। इसके बाद से क्रिकेट का यह फॉर्मेट बेपनाह लोकप्रिय हो चुका है और अब बारी है टी-10 की। यह अमीरात क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तानी बिजनेसमैन सलमान इकबाल के दिमाग की उपज है। इकबाल का कहना है, मुझे लगता है यह आइडिया क्लिक करेगा। हर व्यक्ति गलियों



में टी-10 खेलता है। क्रिकेट के इस नये फॉर्मेट से क्रिकेट में सनसनी पैदा हो जाएगी। लोग इसका आनंद उठाएंगे। फॉर्मेट छोटा होने की वजह से यह टूनामेंट भी छोटा होगा। दिसंबर 21 से 24 तक चलने वाले इस टूनामेंट में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी शामिल होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन नजम सेठी ने टी-10 के इस टूनामेंट को अपना पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पिछले साल रिटायर हुए शाहिद अफरीदी टी-10 के विचार से बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, जब मुझे इसके बारे में बताया गया तो मैं रोमांचित हो उठा। मैंने इसमें खेलने की इच्छा प्रकट की। इंग्लैंड वनडे टीम के कप्तान इयोन मोर्गन भी मानना है कि टी-10 का क्रिकेट की दुनिया पर गहर असर पड़ेगा। मोर्गन ने कहा, टी-10 की पूरी अवधारणा ही रोमांचक है। हमें याद है कैसे टी-20 की शुरूआत हुई, आज यह क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक लोकप्रिय है। यदि टी-10 क्लिक करता है तो मेरा मानना है कि क्रिकेट पर अपना प्रभाव छोड़ेगा। इस टूनामेंट में भाग लेने वाली चार टीमें इस माह के अंत में चुनी जाएंगी। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक का कहना है कि यह टूनामेंट हम जैसे उम्रदराज खिलाड़ियों के लिए ज्यादा सहज होगा। 43 साल के मिस्बाह ने इस साल मई में रिटायरमेंट लिया है। उनका कहना है कि टी-10 का विचार मजेदार है। इसमें केवल 10 ओवर बल्लेबाजी और 10 ओवर फीलि्डंग करनी होगी, जो हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए आसान होगा।

## रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से अपना जलवा बिखेरेंगे रैना



**लखनऊ।** टीम इंडिया में वापसी की कोशिशों में लगे क्रिकेटर सुरेश रैना अब रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से अपना जलवा बिखेरेंगे। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने छह अक्टूबर से लखनऊ में रेलवे के खिलाफ रणजी मैच के लिए उत्तर प्रदेश की टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज सुरेश रैना को दी गई है। रैना पिछले कुछ समय से टीम इंडिया से बाहर हैं। इसके बाद वह बीमार रहने की वजह से यूपी की टीम से भी बाहर रहे और अब कथित तौर पर फिटनेस टेस्ट पास न कर पाने की वजह से राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पा रहे हैं। आपको बता दें कि इस साल आइपीएल के सीजन में मैदान पर लौटे सुरेश रैना के बल्ले से रन निकले थे, लेकिन उनका वजन भी काफी बढ़ा हुआ लग रहा था। आइपीएल में अच्छा खेलने के बावजूद उनको राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिल सकी थी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यूपीसीए की चयन समिति ने छह अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक इकाना स्टेडियम में रेलवे के साथ होने वाले रणजी मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश के 17 खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। टीम के कप्तान सुरेश रैना बनाए गए हैं।

### *इस मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश की टीम इस प्रकार है*

*सुरेश रैना (कप्तान), शिवम चौधरी, हिमांशु असनोरा, रिंकू सिंह, अक्षदीप नाथ, एकलव्य द्विवेदी, उमंग शर्मा, अल्मास शौकत, सौरभ कुमार, जीशान अंसारी, दीपेंद्र पांडेय, अंकित राजपूत, प्रवीण कुमार, कार्तिक त्यागी, इम्तियाज अहमद, इसरार अजीम और ध्रुव प्रताप सिंह।*

## भारतीय फुटबॉल के लिए छह अक्टूबर का दिन होगा ऐतिहासिक

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के लिए छह अक्टूबर का दिन ऐतिहासिक होगा जब देश पहली बार किसी भी वर्ग में फीफा मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये उतरेगा जहां से इस खेल को एक नई दिशा और दशा हासिल होगी। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश भारत के लोगों की ढेरों उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ भारत की अंडर-17 फुटबाल टीम फीफा विश्वकप में खेलने उतरेगी। भारत की मेजबानी में पहली बार हो रहे फीफा अंडर-17 विश्वकप का आगाका छह अक्टूबर से होने जा रहा है जहां मेजबान की हैसियत से भारतीय टीम को टूनामेंट में प्रवेश मिला है। हालांकि टीम पूरी तैयारी और कड़े अभ्यास के बाद विश्वकप में उतर रही है जहां दुनिया की 24 दिग्गज टीमें खिताब के लिये अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# कल्कि की अपकमिंग फिल्म 'रिबन' का ट्रेलर हुआ रिलीज

एक्ट्रैस कल्कि कोचलिन और सुमित व्यास की नई फिल्म 'रिबन' का ट्रैलर रिलीज हो गया है। बड़े परदे पर फिल्म 3 नवंबर को रिलीज हो रही है। इससे पहले रेड कार्ट के बैनर तले इसका टीजर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। रिबन शहर की हलचल के बीच जिंदगी की संभावनाओं की तलाश करते युवा कपल्स की कहानी है, ट्रेलर में तो इन किरदारों को सुमित और कल्कि बखूबी निभाते हुए दिख रहे हैं। डायरेक्टर राखी शांडिल्य ने फिल्म में एक गंभीर विषय को रोचक तरीके से दर्शकों के सामने रखा है। जहां यह फिल्म पारिवारिक जीवन की चुनौतियों को बारीकी से उकेरती है, वहीं वर्किंग वुमेन और प्रेग्नेंसी को लेकर समाज की दकियानूसी सोच की भी पड़ताल करती है। बता दें कि इस फिल्म में बच्चे की पैरेंटिंग, मैरिड लाइफ की उलझनों, समस्याओं और डिफरैंट सिचुएशन्स को बड़ी ही खूबसूरती से पेश किया गया है। फिल्म का ट्रीटमेंट भावनात्मक है, जिसमें प्यार, रिलेशनशिप, शादी, पहला बच्चा और उसके बाद लोगों के बदले बिहेवियर पर फोकस किया गया है। मेट्रो सिटी के युवाओं के लाइफस्टाइल पर बेस्ड इस फिल्म का ट्रेलर प्रॉमेसिंग लग रहा है।

## फिल्म इत्तेफाक  का नया पोस्टर हुई रिलीज

70 के दशक की सस्पेंस थ्रिलर इत्तेफाक की इसी नाम से बनी रीमेक इसी 3 नवंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के लुक के साथ ट्वीट किया है, उस पर ऐसे अपराध का आरोप लगा, जो उसने नहीं किया था! कहानी में उसके पक्ष का इंतजार करें। इत्तेफाक तीन नवंबर को। जौहर ने इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और सोनाक्षी सिन्हा को टैग किया है। फिल्म के पोस्ट के साथ सोनाक्षी ने ट्वीट किया है, मैं पीड़िता हूं जिस पर अपराधी होने का आरोप है! क्या आप मेरी कहानी नहीं सुनना चाहते? अक्षय खन्ना के पोस्टर के साथ करण ने ट्वीट किया है, उसे किसी पर यकीन नहीं है और सभी पर संदेह है। उसकी अपेक्षा सिर्फ सच जानना है। करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोड्क्शंस ने ट्वीट किया है, दो हत्याएं और एक सच  इत्तेफाक तीन नवंबर। अभय चोपड़ा के निर्देशन में बनी इत्तेफाक (2017) का निर्माण करण जौहर, गौरी खान और अभय चोपड़ा ने संयुक्त रूप से किया है। अभय की यह फिल्म यश चोपड़ा की 1969 की सुपर हिट फिल्म इत्तेफाक का रीमेक है।

## कल हमारा है

**स्नेहा नमनांदी**



स्नेहा नमनांदी , सपनों के पंख नही होते, इसे अपने हौसलों से पूरा किया जा सकता है। इसे कर दिखाया है स्नेहा नमनांदी ने। इनके सपनों को आकार मिला कन्नड़ फिल्म **ली** सें। इसके बाद इन्होंने राकेश बापट और मंजरी फड़नीस के साथ मराठी फिल्म "सर्व मंगल सावधान" पूरी की। इसके बाद तेलगु और तमिल भाषा में दो व्यावसायिक फिल्में की। इनका अगला पड़ाव था सिद्धार्थ कुमार तिवारी द्वारा निर्देशित स्वस्तिक प्रोडक्शन की सोनी पर प्रसारित "पोरस" शो में काम करना। इसके बाद इन्होंने दो हिंदी म्युजिक विडियो में काम किया जिसमे एक कृष्णा सोलो(तनु वेड्स मनु के म्युजिक डायरेक्टर) और दूसरा जी म्युजिक के साथ। इसके बाद एक तेलगु फेस्टिवल फिल्म में भी वे नजर आईं। फिर इसके बाद  इन्होंने एक हिंदी फिल्म "देसी बम" पूरी की जिसके निर्देशक हैं तारिक खान और फिल्म के कलाकार में संजय मिश्रा-प्रशांत नारायण प्रमुख हैं। यह आफबीट फिल्म इसी वर्ष रिलीज होने वाली हैं। अभी अभी इन्होंने बंगाली म्युजिक विडियो में जुबेन गर्ग के साथ गाना गाया है। लोगों को इंतजार है इनकी फिल्म रिलीज होने का। हमारी शुभकामनाएं इनके साथ हैं।

# जरीन ने छुपाया कैमरे से चेहरा, बिना मेकअप दिखी रानी





अपकमिंग फिल्म 'अक्सर 2' की एक्ट्रैस जरीन खान एयरपोर्ट पर कैमरा से मुंह छुपाता नजर आईं। उन्होंने पिंक कलर का टॉप, व्हाइट कलर का अपर और जीन्स पहन रखी थी। जरीन ने गॉगल भी लगा रखा था। हेट स्टोरी 3 के बाद अपने बेबाक और बोल्ड अंदाज के लिए फेमस हुईं जरीन खान अक्सर 2 में भी कुछ इसी अंदाज में नजर आ रही हैं। फिल्म अक्सर 2 का बोल्ड और इंटीमेट सीन से भरा ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है।बता दें इस रोमांटिक ट्रैक को जरीन खान और अभिनव शुक्ला पर फिल्माया गया है। वहीं, रानी मुखर्जी बिना मेकअप नजर आईं। उन्होंने जीन्स और मिल्ट्री कलर की जैकेट पहन रखी थी।इससे पहले रानी दुर्गा पंडाल में देखी गई थी जहां वह ट्रडिशनल लुक में नजर आई थी।